ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष तृतीया संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 317 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
15 मई 2025 गुरुवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
36 अधिकतम
27 न्यूनतम



Page-7

### कर्नल सोफिया पर बेहद अमर्यादित टिप्पणी का मामला, सीजेआई ने मंत्री से कहा- आप हाइकोर्ट के समक्ष क्यों नहीं गए

**भोपाल में भाजपा की आपात बैठक, दिल्ली तक असमंजस**

# मंत्री होकर कैसी भाषा इस्तेमाल करते हो.... शाह की 'आखिरी उम्मीद' को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

**नई दिल्ली/भोपाल, दोपहर मेट्रो एजेंसी।** मप्र के कैबिनेट मंत्री विजय शाह के कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिये गये विवादित बयान को लेकर आज सुप्रीम कोर्ट ने भी फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने मप्र हाईकोर्ट के आदेश पर रोक भी नहीं लगाई है। सीजेआई बीआर गवई ने विजय शाह को फटकार लगाते हुए कहा कि आप किस तरह का बयान दे रहे हैं? आप मंत्री हैं मंत्री होकर किस तरह की भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं? क्या यह मंत्री को शोभा देता है? कोर्ट ने कहा कि संवैधानकि पद पर बैठे शख्स से इस तरह के बयान की उम्मीद नहीं की जाती। जब देश इस तरह की स्थिति से गुजर रहा हो तब जिम्मेदारी भरे पद पर बैठे शख्स से इस तरह के बयान की उम्मीद नहीं की जा सकती, सीजेआई ने कहा कि आप जानते हैं ना कि आप कौन हैं? हालांकि जब इस पर विजय शाह ने वकील ने कहा कि उनके मुवक्किल ने माफी मांग ली है और मीडिया ने उनके बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया तथा ओवर हाइप कर दिया है। हाईकोर्ट ने ऑर्डर पास करने से पहले हमें नहीं सुना। इस पर सीजेआई ने कहा, तो आप हाईकोर्ट के समक्ष क्यों नहीं गए? हम कल इस मामले पर सुनवाई करेंगे, 24 घंटे में कुछ नहीं होगा। ज्ञात हो हाइकोर्ट के आदेश पर बीती रात महू के मानपुर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। विजय शाह के खिलाफ यह एफआईआर भारतीय न्याय संहिता की तीन गंभीर धाराओं - धारा 152, 196(1)(b) और 197(1)(c) के तहत दर्ज की गई, जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।



### FIR की भाषा से हाईकोर्ट नाराज हुआ

इस मामले में दर्ज एफआईआर की भाषा पर हाईकोर्ट ने आज नाराजगी जताई है। हाईकोर्ट की डबल बेंच ने गुरुवार को मंत्री विजय शाह के खिलाफ एफआईआर को सिर्फ खाना पूर्ति बताया है। हाईकोर्ट ने कहा कि अब इस पुलिस जांच की निगरानी कोर्ट करेगी। जांच किसी दबाव में प्रभावित ना हो इसलिए ऐसा करना जरूरी है। जस्टिस अतुल श्रीधरन ने कहा कि यह किसी हत्या की जांच नहीं है, बल्कि एक आपत्तिजनक भाषण से जुड़ा मामला है। ऐसे में इसमें लंबी जांच की आवश्यकता नहीं है। कोर्ट ने कहा, FIR इस तरीके से ड्राफ्ट की गई है, जिसमें अभियुक्त की करतूतों का जिक्र नहीं है. FIR को अगर चुनौती दी गई तो आसानी से रद्द हो सकती है. ये FIR अदालत के विश्वास पर खरी नहीं उतरती है।

### आपात बैठक में भी हिचक!

■ इधर देर रात तक सीएम हाउस में चली 'आपात बैठकों' के बाद भी शाह से इस्तीफे लेने या बर्खास्त करने पर भाजपा हिचकिचाती रही। भाजपा हाईकमान से लेकर मप्र तक दुविधा यही है। सूत्रों का मानना है कि ऐसे किसी निर्णय से पहले उसके दूरगामी प्रभावों पर मंथन होता रहा। वहीं शाह खुद को बचाव का एक मौका दिये जाने की बात करते रहे। उनका तर्क है कि वे माफी मांग ही चुके हैं और आगे भी माफी के लिये तैयार हैं। लिहाजा देर रात ही लगभग तय हो गया कि विजय शाह पर भले ही एफआईआर दर्ज कर ली गई है, लेकिन वे अभी इस्तीफा नहीं दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कल शाम को बेंगलुरु से लौटने के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के साथ लंबी चर्चा की थी। बैठक के बाद सूत्रों के हवाले से यह जानकारी सामने आई है कि फिलहाल मंत्री विजय शाह इस्तीफा नहीं देंगे। सूत्रों के मुताबिक विजय शाह ने कोर्ट में अपना पक्ष रखने का मौका देने की मांग पार्टी से की। माना जाता है कि मप्र भाजपा को अब इस मामले में हाईकमान के रुख का ही इंतजार है। खुद भाजपा के भीतर से भी ऐसी मांग उठ रही है।

### गंभीर सजा का प्रावधान

■ धारा 152 : अलगाव, सशस्त्र विद्रोह और विध्वंसक गतिविधियों को भड़काने वाले कृत्यों को अपराध मानती है। यह देश की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले कार्यों को भी अपराध मानती है। इसमें उम्रकैद या सात साल तक के कारावास के दंड का प्रविधान है।

## देश की तौहीन करने वाले बड़बोले शाह के खिलाफ देरी कर गई भाजपा



**प्रसंगवश**
**राजेश सिरोठिया**

भाजपा की मध्यप्रदेश काबीना में सूबे के आदिवासी मंत्री और खंडवा जिले के हरसूद की आदिवासी रियासत मकड़ई के तथाकथित राजा विजय शाह ने बरसों से जारी अपनी बिगड़े बोल की प्रकृति को को पराकाष्ठा तक पहुंचा दिया है। उनके बयानों पर भाजपा के लिजलिजे रवैये के बाद सक्रियता का बांध अभी भी नहीं टूट रहा है। सूबे के हाईकोर्ट ने स्वंय लेते हुए पांच घटे में देशी संप्रुभता को खतरे में डालने सद्भाव बिगाडने, उन्माद पैदा करने जैसे आरोपों के तहत मुकदमा कायम करने के कड़े निर्देशों के बाद इंदौर संभाग की मानपुर पुलिस ने मुकदमा तो कायम कर लिया है लेकिन मंत्री मद से बर्खास्तगी और पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाने में मध्यप्रदेश की सरकार के हाथ अभी भी कांप रहे हैं। भाजपा आगे कोई कार्रवाई कर य न करे लेकिन एक बात तो तय है कि वह तत्परता दिखाने में देरी कर गई।

भारत पाकिस्तान के बीच हालिया तनाव और छोटे से युद्ध के दौरान जब भारतीय सेना के जवान मैदानी मोर्चे पर थे तो भारत की कर्नल सौफिया कुरैशी रक्षा मंत्रालय में बैठकर भारत ही नहीं पूरी दुनिया के सामने किला लड़ा रही थी। अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी को यह संदेश दे रहीं थी कि मुसलमान के केवल पाकिस्तान या मुस्लिम देशों की पैरवी नहीं करती बल्कि भारतीय मुसलमानों के साथ खड़े होकर वह देश का पक्ष दुनिया के साथ रखती है। लेकिन मंत्री विजय शाह ने उने बारे में जो बोला वह किसी महिला ही तो क्या कुरैशी के बारे में बोले बिगड़े वचनों को लिखने की हिम्मत मैं नहीं कर सकता। लेकिन उन्होंने जो कुछ बोला है वह राजनीति से ऊपर उठकर न सिर्फ देश की संप्रुभता को गंभीर क्षति पहुंचाने वाला है बल्कि देशद्रोह के दायरे में आता है। मध्यप्रदेश के भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा या प्रदेश संगठन मंत्री ने उनको जमकर फटकार लगाई है बल्कि मुख्यमंत्री से लेकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा तक उनको जमकर फटकार लगा चुके हैं। विजय शाह सब नेताओं से मिलकर अपनी मंशा गलत नहीं होने को लेकर कैफियत दे रहे हैं। लेकिन न उनसे इसके दाग धुल सकते हैं। न हंसते हुए अपनी गलत बयानी के लिए माफी से काम चल सकता है। न हाईकोर्ट के जस्टिस व्दय जस्टिस अतुलकर और अनुराधा निर्देशों पर दर्ज मुकदमें की वापसी या निर्देशों से कोई राहत मिल सकती है। कांग्रेस तो भाजपा पर हमलावर है और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी से लेकर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के तेज हमलों के समने भाजपा बैकफुट पर है। भाजपा के नेता कर्नल सोफिया कुरैशी के परिजनों से मिलने छतरपुर के नौगांव में रहने वाले परिजन से माफी मांग चुके हैं। लेकिन माफी से क्या होगा। मंत्री शाह खुद इस्तीफा देंगे या मोहन यादव उन्हें बर्खास्त करेंगे या भाजपा से बाहर का रास्ता दिखाएंगे यह देखने वाली बात है लेकिन भाजपा इस सब काईवाई के लिए जो वक्त की दरकार थी उसे गवां चुकी है।

### शिवराज की पत्नी पर भी आपत्तिजनक टिप्पणी कर चुके हैं विजय शाह

■ वर्ष 2013 में श्ह न कहा था कि साधा भाभी यानि तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की पत्नि के बारे में शाह यह बोल गए थे कि भाभी भैया के साथ तो खूब रहते हैं लेकिन कभी देवर यानि विजय शाह के साथ नहीं रहते। इस पर उन्हें मंत्रिमंडल से निकाला दिया गया और कई महीनों ाद सूबे के आदिवासियों में सबसे अहम माने जाने वाले राजगोड़ परिवार के वंशज जातिगत राजनीति का दवाब बनाकर वापस मंत्री बन गए थे। यही नहीं 2023 में जब मशहूर अभिनेत्री विद्या बालन शूटिंग के लिए बालाघाट में कान्हा नेशनल पार्क आईं तो शाह बालाघाट जा पहुंचे। उन्होंने रात को बालन को कक्ष में बुलाने की कोशिश की। जब बालन ने इसके लिए मना कर दिया तो उन्होनें वन मंत्री के अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए अगले दिन शूटिंग कैंसिल करवा दी। यही नहीं भाजपा सरकार के दौरान हुए जिस हनी ट्रप कांड में उलझी कांग्रेस की नेत्री का विवाह इंदौर के गुजराती कालेज उनके साथ पढ़े मित्र के साथ हुआ तो वे अपने मित्र की नव दंपत्ति के साछ हनीमून के लिए मनाली भी साथ गए। शाह की रंगीन मिजाजी के इतने किस्से हैं कि उनको लिखने के लिए अखबार के पन्ने कम पढ़ जाएं।

## प्री मानसून गतिविधियां बढीं, निकोबार से मानसून भी बढ़ा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** प्रदेश में पिछले 12 दिनों से प्री-मानसून गतिविधियां जोरों पर हैं। मई की गर्मी पर पानी फेरने वाला नजारा है। प्री-मानसून में ही मानसून जैसी बारिश देखने को मिल रही है। प्रदेश के 13 जिलों में आधा इंच से 2 इंच तक बारिश दर्ज की गई। आज भी दोपहर बाद यही स्थिति बनने के आसार हैं। भोपाल में ही इस



मौसमी बदलाव ने तापमान को 11.6 डिग्री तक कम कर दिया। आज नर्मदापुरम और इंदौर संभाग के साथ उज्जैन, रतलाम, देवास, भिंड समेत 15 जिलों के लिए बारिश का यलो अलर्ट है।

**मानसून आगे बढ़ा :** उधर निकोबार तक पहुंचा मानसून अगले तीन से चार दिनों के दौरान दक्षिण-पश्चिम के दक्षिण अरब सागर, मालदीव और कोमोरिन के कुछ हिस्सों, दक्षिण बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों, पूरे अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, अंडमान सागर के शेष हिस्सों और मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ने की संभावना है।

**दो दिन में दूसरा बड़ा सफाया**

## एनकाउंटर में लश्कर के तीन आतंकवादी मारे गए

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के अवंतीपोरा के त्राल में सुरक्षाबलों ने आज सुबह तीन आतंकियों को ढेर कर दिया। सेना से जुड़े सूत्रों ने बताया इसमें एक टॉप कमांडर आसिफ शेख भी शामिल है। इसके अलावा आमिर नजीर वानी और यावर अहमद भट्ट को भी ढेर कर दिया गया है। ये तीनों पहलगाम हमले के बाद सरकार की तरफ से जारी 14 आतंकवादियों की लिस्ट में शामिल थे। जम्मू-कश्मीर में पिछले तीन दिनों में यह दूसरा एनकाउंटर है। इससे पहले शोपियां जिले के केलर मे 13 मई को एनकाउंटर में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादी मारे गए थे।



### 23 मिनट में तबाह हुए एयरबेस

■ इधर केंद्र सरकार ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना ने चीन के डिफेंस सिस्टम को जाम कर 23 मिनट में पाक के नूर खान व रहीम यार खान एयरबेस को तबाह कर दिया था। भारतीय डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के हथियारों को नष्ट किया था।

**कश्मीर में बोले राजनाथ**

## अब बात निकली तो दूर तक जाएगी

**श्रीनगर, एजेंसी।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ऑपरेशन सिंदूर के बाद आज पहली बार जम्मू-कश्मीर पहुंचे हैं। उन्होंने श्रीनगर के बादामी बाग छावनी का दौरा किया तथा पाकिस्तान की तरफ से दागे गए मोर्टार और गोले के टुकड़े देखे। राजनाथ ने कहा कि, पहलगाम में आतंकियों



ने धर्म देखकर मासूमों को मारा था। हमने उनका कर्म देखकर खात्मा किया, ये हमारा धर्म था। राजनाथ ने कहा- पाकिस्तान जहां से खड़ा होता है वहां से मांगने वालों की लाइन शुरू हो जाती है। हाल ही में पाकिस्तान आईएमएफ से कर्ज मांगने गया। जबकि भारत उसी आईएमएफ को फंड देता है। अब कोई भी आतंकी वारदात एक्ट ऑफ वार मानी जाएगी। अगर सरहद पर से आतंकी घटना हुई तो बात बहुत दूर तक जाएगी। अब आतंकवाद पर कोई बात नहीं होगी अब बात होगी तो सिर्फ पाक अधिकृत कश्मीर पर होगी। दुनिया जानती है कि हमारी सेना का निशाना अचूक है।

**अनुमति नहीं दी तो हंगामा**

## बिहार पहुंचे राहुल को पुलिस ने छात्र संवाद से रोका

**दरभंगा, एजेंसी।** आज जिला प्रशासन से अनुमति न मिलने बावजूद कांग्रेस सांसद राहुल गांधी दरभंगा के अंबेडकर छात्रावास पहुंच गये। वे मंच से छात्रों से संवाद भी कर रहे हैं। राहुल ने कहा कि '24 घंटे अत्याचार हो रहा है। आपके खिलाफ पेपर लीक हो रहा है। आपको बोलने नहीं दिया जा रहा है। सही तरीके से जातीय जनगणना होना चाहिए।' उन्होंने कहा कि 90 प्रतिशत लोगों के लिए कोई रास्ता नहीं है। सब धन और ठेकेदारी 2-3 प्रतिशत लोगों के हाथों में जाता है। राहुल ने कहा कि 'बिहार की पुलिस ने मुझे रोकने की कोशिश की, लेकिन आप लोगों की



शक्ति मेरे साथ थी।' आज इस कार्यक्रम को लेकर पुलिस और कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। राहुल दलित- माइनॉरिटी कम्युनिटी के छात्रों से बातचीत करना चाहते हैं, लेकिन प्रशासन ने उन्हें छात्रावास में बातचीत की परमिशन नहीं दी। इसी के बाद से बवाल मचा। इसके पहले राहुल के काफिले को दरभंगा यूनिवर्सिटी कैंपस से तीन किमी पहले ही रोक दिया गया था।

## स्लीपर कोच बस में आग, एक किमी दौड़ी, पांच जिंदा जले

**बेगूसराय, एजेंसी।** बिहार के बेगूसराय से दिल्ली की तरफ जाकर (बस संख्या: UP17 AT 6372) में लखनऊ के किसान पथ पर लखनऊ- रायबरेली रोड, मोहनलालगंज के ऊपर शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने के बाद भी यह बस करीब एक किलोमीटर तक दौड़ती रही। ड्राइवर और कंडक्टर तुरंत मौके से भाग निकले। बस में बैठे यात्रियों को पुलिस और आम लोगों की मदद से कांच को तोड़कर बाहर निकाला गया।



दमकल की गाड़ियों ने करीब आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया। जब दमकलकर्मी बस के अंदर गए तो वहां पांच लोगों के शव मिले। आग की लपटों से झुलसे यात्रियों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। खबरों के अनुसार बस में करीब अस्सी यात्री थे। मरने वालों में दो बच्चे, दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल है। हादसे का समय सुबह पांच बजे के करीब का बताया जा रहा है। उधर हरदोई जिले के कासिमपुर थाना क्षेत्र में संडीला-बांगरमऊ मार्ग पर ट्रक ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे के बाद ऑटो पलट गया, जिसमें दबकर ऑटो सवार छह लोगों की मौत हो गई।

**मेट्रो एंकर** | **तुर्की की जॉइंट वेंचर कंपनी सेलिबी एविएशन का मामला**

# पाकिस्तान के दोस्त की कंपनी भारत में करती है फ्लाइट मैनेजमेंट!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हालिया भारत-पाक के बीच सैन्य टकराव के वक्त तुर्की की भूमिका का आकलन तेजी से जारी है क्योंकि वह पाकिस्तान के साथ खड़ा नजर आया था। तुर्की ने पाकिस्तान को सशस्त्र ड्रोन और ऑपरेटर मुहैया कराए। जबकि तुर्की की जॉइंट वेंचर कंपनी सेलिबी एविएशन दिल्ली, मुंबई और चेन्नई सहित आठ भारतीय एयरपोर्ट्स पर हाई सिक्योरिटी से जुड़ा कार्य यानि भारत में सालाना 58 हजार फ्लाइट्स का मैनेजमेंट संभालती है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सेलिबी एविएशन द्वारा भारत में किए जाने वाले कई कार्य खास तौर पर ग्राउंड हैंडलिंग, कार्गो प्रबंधन और एयरसाइड ऑपरेशन्स से जुड़े काम हैं। इसके कर्मचारी एयरसाइड ज़ोन में काम करते हैं, जो एयरपोर्ट्स के हाई सिक्योरिटी वाले क्षेत्र हैं और विमानों के सीधे संपर्क में आते हैं। गौरतलब है कि तुर्की ने पाकिस्तान को सैन्य सहायता मुहैया कराई, क्योंकि उसने 7 मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' के हिस्से के रूप में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी शिविरों पर भारत द्वारा हमला किए जाने के बाद भारतीय वायु रक्षा प्रणाली को घेरने की कोशिश की थी। न केवल सैन्य ड्रोन, बल्कि तुर्की ने



पाकिस्तान को उन ड्रोन को संभालने के लिए ऑपरेटिव भी मुहैया कराए, जिससे पता चलता है कि वह भारत पर हमला करने के लिए पाकिस्तान के साथ शामिल हो गया। तुर्की ने राष्ट्रपति रेचेप तैयप अर्दोआन के नेतृत्व में इस्लामी रुख अपनाया है और कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान का पक्ष लिया है। बताया जाता है कि 08 में अपनी शुरुआत के बाद से, सेलेबी ने भारत के विमानन सेक्टर में अपना विस्तार किया। इसकी ऑफिशियल वेबसाइट के मुताबिक, यह 7,800 कर्मचारियों के मेनपॉवर के साथ सालाना 58 हजार से ज्यादा फ्लाइट्स और 5,40,000 टन कार्गो संभालती है। सेलेबी ने मुंबई इंयरनेशनल एयरपोर्ट पर एक जॉइंट वेंचर के साथ भारत में प्रवेश किया था। इसे ग्राउंड हैंडलिंग सेवाएं देने का अधिकार दिया गया था फिर एक साल के अंदर, सेलेबी ने आधिकारिक तौर पर भारत में अपने ऑपरेशन को दो संस्थाओं के तहत रजिस्टर किया। पिछले दशक में, भारत भर में नौ एयरपोर्ट्स के नेटवर्क का विस्तार किया है। इनमें मुंबई, दिल्ली, कोचीन, कन्नूर, बैंगलोर, हैदराबाद, गोवा, अहमदाबाद और चेन्नई शामिल हैं।

### मुश्किल वक्त की मदद भूला

■ यह हालत तक है जबकि भारत ने साल 2023 में आए भीषण भूकंप के बाद 'ऑपरेशन दोस्त' शुरू करके तुर्की को राहत सामग्री मुहैया कराई थी। हालांकि, यह स्थिति तब और गंभीर हो सकती है, जब यह बात सामने आई कि इस्तांबुल ने ड्रोन को ऑपरेट करने के लिए कर्मियों को मुहैया कराया और भारत पर हमले में सहायता की। अब ताजा रुख के बाद भारत के कई बड़े एयरपोर्ट्स पर हाई सिक्योरिटी कार्य करने वाली सेलेबी को भी खतरे के तौर पर देखा जा सकता है। भारत में सेलेबी एविएशन के जरिए सर्विस की जाने वाली एयरलाइन्स में इंडिगो और एयर इंडिया जैसी अन्य एयरलाइन्स शामिल हैं।

## मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के चार मामलों में लिया संज्ञान, रिपोर्ट तलब

# शहर के तिराहों-चौराहों पर लगे कई सिग्नल बंद, डीसीपी-आयुक्त को जांच के निर्देश

**दोहपर मेट्रो, भोपाल**

मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के चार मामलों में संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए हैं। पहला मामला भोपाल शहर के विभिन्न क्षेत्रों के तिराहों-चौराहों पर लगे ट्रैफिक सिग्नल के बंद पड़े होने का है। आयोग के संज्ञान में आया है कि शहर के विभिन्न तिराहों-चौराहों पर जो ट्रैफिक सिग्नल लगे हुये है, वह अधिकतर बंद पड़े रहते है और सिर्फ अनाउंसमेंट सिस्टम चालू है, इनके मेंटेनेंस की जिम्मेदारी स्मार्ट सिटी और संचालन ट्रैफिक पुलिस का करना है। सिग्नल बंद पड़े होने से ट्रैफिक व्यवस्था गड़बड़ा जाती है और वाहन आमने-सामने आ जाते है। जिस कारण कई बार सड़क हादसे/दुर्घटना हो जाती है। मामले में आयोग ने डीसीपी, ट्रैफिक एवं नगर निगम आयुक्त को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही बंद पड़े ट्रैफिक सिग्नल को चालू करने के संबंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन भी तलब किया है।

### स्कूल बस घटना में पुलिस आयुक्त से जवाब तलब

भोपाल शहर के टी.टी. नगर थाना क्षेत्र स्थित बाणगंगा चौराहे पर रेड सिग्नल पर खड़े वाहनों को पीछे से आ रही एक स्कूल बस द्वारा टक्कर मारने एवं रौंदने की घटना पर मप्र मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। जिसमें दो पहिया वाहन सवार युवती की मृत्यु होने की घटना सामने आई है। मामले में आयोग अध्यक्ष ने पुलिस कमिश्नर को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।



### आग से बचाव के सही इंतजाम नहीं

भोपाल शहर में अधिकांश सार्वजनिक जगहों पर आग से बचाव के सही इंतजाम नहीं होने का मामला सामने आया है। आयोग के संज्ञान में आया है कि शहर के तमाम स्कूल-कॉलेजों, नगर-निगम के जोनल कार्यालय और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में एक्सपायर्ड अग्निशामक यंत्र लगे हुए है, जो आग लगने की स्थिति में बचाव कार्य के लिये उपयोग योग्य नहीं है। यहां अग्निशामक यंत्र सिर्फ औपचारिकताओं के लिये लगे हुये है और आग से बचाव के लिये कोई व्यवस्था नहीं है। जिससे बड़ी दुर्घटना होने पर लोगों की जान को भी खतरा बना हुआ है। मामले में आयोग ने नगर निगम आयुक्त को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही स्कूल, रेलवे स्टेशन भोपाल आदि जगह पर स्थित अग्निशामक यंत्रों का परीक्षण कर उन्हें चालू कर प्रतिवेदन मांगा है।

### कॉलोनी की सड़कों पर नालियों का गंदा पानी

भोपाल शहर के वार्ड नं 82 में आने वाली मंदाकिनी कॉलोनी बी-सेक्टर में नालियों के अभाव में कॉलोनी की सभी सड़कों पर गंदा और दूषित पानी भर जाने का मामला सामने आया है। कॉलोनी में नालियों के अभाव होने के कारण जर्जर हो चुकी सड़कों पर गंदा और दूषित पानी भरा रहता है, इस कारण उन्हें आवाजाही करने में कई तरह की परेशानी का सामना करना पड़ता है मामले में आयोग ने नगर निगम आयुक्त को जांच के निर्देश दिए हैं।

## 242 बेड का नया ब्लाक बनेगा, 26 करोड़ की लागत से नई बिल्डिंग तैयार होगी

# जेपी हॉस्पिटल को अल्ट्रा मार्डन ट्रीटमेंट सेंटर की शक्ल देने की हो रहीं कोशिशें

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**राजधानी के नए हिस्से की जरूरतों के लिये अहम जेपी अस्पताल में अब 242 बेड का नया सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक बनाने का खाका तैयार है। इसमें खासतौर पर महिलाओं और गंभीर मरीजों के इलाज के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी। पांच मंजिला इस इमारत में 4 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, ब्लड बैंक, पैथोलॉजी लैब, ट्रांजिट कमरा और प्री-पोस्ट ऑपरेशन यूनिट बन रही है। गौरतलब है कि अस्पताल का विस्तार काफी समय से किया जा रहा है, ताकि यह बढती आबादी की जरूरतों को पूरा करे। बताया जाता है कि नया ब्लॉक शुरू होने से जेपी अस्पताल अल्ट्रा मॉडर्न ट्रीटमेंट सेंटर के स्वरूप में आ जाएगा।**

खास बात यह है कि इस बार महिला मरीजों के लिए पहली बार 125 बेड का अलग सर्जिकल वार्ड तैयार किया जा रहा है। यह राजधानी का सबसे बड़ा महिला सर्जिकल यूनिट होगा। पुरुष सर्जिकल वार्ड में 49 बेड होंगे। महिला आइसोलेशन वार्ड में 10 बेड की व्यवस्था होगी। पुरुष और महिला ऑब्जर्वेशन वार्ड में 10-10 बेड होंगे। अभी जेपी अस्पताल में 400 बेड हैं। नया ब्लॉक शुरू होने के बाद यह संख्या 640 हो जाएगी। इस इमारत के निर्माण में कुल 26 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसमें से 19 करोड़ रुपए राज्य सरकार देगी। 7 करोड़ रुपए केंद्र सरकार से मिलेंगे। यह ब्लॉक जुलाई 2025 में शुरू किया जाएगा।




### लैब में ऑनस्पॉट जांच, 26 बेड का होगा ट्रांजिट कमरा

नए भवन में इमरजेंसी ट्राइएज यूनिट में 10 बेड होंगे। ट्रांजिट कमरा 26 बेड का होगा। इससे मरीजों को एक वार्ड से दूसरे वार्ड में शिफ्ट करना आसान होगा। ऑपरेशन से पहले और बाद की देखरेख के लिए प्री और पोस्ट ऑपरेशन यूनिट एक ही जगह होगी। ब्लड बैंक और पैथोलॉजी लैब में ऑनस्पॉट जांच की सुविधा मिलेगी। मेडिकल स्टाफ की ट्रेनिंग और कॉन्फ्रेंस के लिए एक मीटिंग हॉल भी बनाया जा रहा है। 125 बिस्तरों वाला विशेष सर्जिकल वार्ड पहली बार महिला मरीजों के लिए तैयार किया जा रहा है।

### अस्पताल की क्षमता और सेवाएं दोनों बढ़ेंगी

इस ब्लॉक से अस्पताल की क्षमता और सेवाएं दोनों बढ़ेंगी। मरीजों को इलाज के लिए अलग-अलग जगह नहीं जाना पड़ेगा। ऑपरेशन से लेकर रिकवरी तक की सभी सुविधाएं एक ही इमारत में मिलेंगी। ट्राइएज और ट्रांजिट कमरा जैसी नई अवधारणाएं आम मरीजों के लिए भी उपलब्ध होंगी। यह विस्तार जेपी अस्पताल को राजधानी का प्रमुख हेल्थ सेंटर बनाएगा। उल्लेखनीय है कि जब यह अस्पताल शुरू हुआ था,तब नए शहर की आबादी आज की आबादी से आधी ही थी,अब शहर का विस्तार दूर तक होने की वजह से यहां लोगों की उपचार जरूरतों का बोझ भी बढा है।

## शिक्षक पात्रता से संबंधित दस्तावेज 12 मई तक पोर्टल पर अपलोड करने थे, नहीं कर पाए

# करोड़ो रूपए खर्च कर तैयार कराया पोर्टल, हो रहा हैंग, प्रदेशभर के अतिथि परेशान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**स्कूल शिक्षा विभाग करोड़ों रुपए खर्च कर नए वेबसाइट पोर्टल 3.0 तैयार किया गया है। हालांकि विभाग द्वारा किए गए दावों के उलट अब पोर्टल हैंग होने की समस्याएं सामने आने लगी है। इसके कारण प्रदेशभर के अतिथि शिक्षक सत्यापन नहीं करा पा रहे हैं।**

अतिथि शिक्षक अब असमंजस में हैं कि पोर्टल पर उनकी जानकारी कैसे अपलोड होगी। क्योंकि नवीन पंजीयन की अंतिम तारीख निकल चुकी है और अभी तक तारीख बढ़ने की सूचना का कोई सर्कुलर जारी नहीं हुआ है। चर्चा यह भी है कि जब पूर्व में गेस्ट टीचर कार्यरत थे उनका डाटा नए पोर्टल पर ऑटो जनरेट क्यों नहीं हुआ। पोर्टल की विसंगतियों के चलते न तो रजिस्ट्रेशन हो पाए और न ही स्कोर कार्ड जनरेट हो पाए।



### शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए शुरू हुई है प्रकिया

लोक शिक्षण संचालनालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अतिथि शिक्षकों के लिए नवीन पंजीयन एवं पूर्व से पंजीकृत आवेदकों द्वारा जानकारी का भौतिक सत्यापन उपरांत जानकारी पोर्टल पर अपलोड करने के लिए 1 मई को निर्देश जारी किए थे। सभी आवेदकों को शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यता तथा शिक्षक पात्रता से संबंधित दस्तावेज 12 मई तक पोर्टल पर अपलोड करने थे, लेकिन पोर्टल की गड़बड़ी के कारण लाखों शिक्षक जानकारी अपलोड नहीं कर पाए। इसके बाद संकुल प्राचार्य आवेदकों के दस्तावेज सत्यापन का कार्य करेंगे, त्रुटिपूर्ण सत्यापन होने पर संबंधित संकुल प्राचार्य विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

# सिंधी कलाकार सहयोग फाउंडेशन के महासचिव बने मोहित शेवानी

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

**सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक क्षेत्र में चार दशकों से सक्रिय अंतरराष्ट्रीय संगठन सहयोग फाउंडेशन ने सिंधी कलाकार और कथाकार मोहित शेवानी को अपना नया महासचिव नियुक्त किया है। संस्था के चेयरमैन डॉ. राम जवहरानी ने इस महत्वपूर्ण घोषणा की।**

सहयोग फाउंडेशन समाज सेवा, शिक्षा, चिकित्सा और संस्कृति के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। संस्था के संरक्षक महेश जेठमलानी, चेयरमैन डॉ. राम जवाहरानी, सह-चेयरमैन चंदर मंघनानी, उपाध्यक्ष सतीश रायसिंघानी और संगठन सचिव रमेश हसंदानी सहित सभी प्रमुख पदाधिकारियों ने मोहित शेवानी को इस नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी।

मोहित शेवानी एक प्रतिष्ठित सिंधी कलाकार, कुशल मंच संचालक और सिंधियों की यात्रा तथा गाथा श्रीराम राम मंदिर की जैसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के सूत्रधार रहे हैं। उन्होंने अपनी कला के माध्यम से न केवल सिंधी संस्कृति को देश-विदेश में पहचान दिलाई है, बल्कि विभिन्न सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रूप से योगदान दिया है। मोहित शेवानी ने कहा, सहयोग फाउंडेशन



जैसे समर्पित संगठन से जुड़ना मेरे लिए गर्व की बात है। मैं कला और सेवा के माध्यम से समाज को सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हूं। यह नई जिम्मेदारी मेरे लिए प्रेरणा और कर्तव्य दोनों का प्रतीक है।÷

### प्रदेश में शिक्षकों की समस्या के निराकरण के लिये 19 से लगेंगे शिविर

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश में ग्रीष्मकालीन अवकाश की समाप्ति तक की अवधि में संभाग और जिला स्तर पर समस्याओं के निराकरण के लिये 19 मई से शिविर लगाने का फैसला किया है। शिविर में किये जाने वाले कार्यों के संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने संभागीय संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश जारी किये हैं। शिविर में क्रमोन्नति वेतनमान, समयमान वेतनमान, वेतन वृद्धि, सेवा अभिलेखों के अपडेटेशन पर विशेष कार्य किया जायेगा। इसके साथ ही आगामी 3 वर्षों में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों के वेतन निर्धारण का कोष एवं लेखा द्वारा परीक्षण किया जाकर वसूली योग्य प्रकरणों में सेवा से पूर्व वसूली का निर्धारण किया जायेगा। शिविर में पेंशन और अन्य लम्बित स्वतत्वों का निराकरण, अन्य लम्बित अभ्यावेदनों का निराकरण किया जायेगा।

# बैरागढ़ की शराब की दुकान में लगी आग, लाखों का माल जलकर खाक

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

बैरागढ़ के मेन रोड पर एक वाइन शॉप में बुधवार को आग लग गई। दमकलों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दावा किया जा रहा है कि आग से लाखों की क्षति हुई है। आग के कारण को लेकर कई तरह की बातें कहीं जा रही हैं। आज तड़के सुबह करीब 5:30 बजे मेन पर की वाइन की शॉप से धुंआ उठ रहा था।

लोगों ने आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड कार्यालय को दी। कुछ देर में दमकलों पहुंचकर आग पर काबू पाने की मशक्त शुरू की। दमकल कर्मियों ने एक डेढ़ घंटे में आग पर काबू पाया। दुकान के आसपास अन्य दुकानें थी, लेकिन वह आग की चपेट में आने से बच गईं। आग लगने का कारण बिजली चिंगारी माना जा रहा है, हालांकि कुछ लोगों ने पीछे से आग लगने के कारण कहा है,



आग किसने लगाई हो इस संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। वाइन शॉप कर्मियों का कहना है कि आगजनी से 20 से 25 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। आग लगी या लगाई इसकी जांच पुलिस कर रही है। आग बुझने के बाद कुछ लोग बोतलें ले जाते हुए भी देखे गए।

# बाल अभिव्यक्ति शिविर में चल रही गतिविधियों को देखा समाजसेवियों ने

**हिरदाराम नगर।** साधु वासवानी स्कूल में चल रहे बाल अभिव्यक्ति शिविर में 475 बच्चे विभिन्न विधाओं में अपनी रचनात्मक प्रतिभा को निखार रहे हैं। शिविर की गतिविधियां का निरीक्षण करने विशिष्ठजन हर रोज पहुंच रहे हैं।

नवयुवक सभा के अध्यक्ष वासुदेव वाधवानी, के.टी. शाहनी स्कूल के प्राचार्य, उप प्राचार्य और अन्य शिक्षकगणों ने शिविर का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों की कलात्मक क्षमताएं विकसित होती हैं। समाजसेवी चंद्र इसरानी ने कहा कि जिस प्रकार



बच्चे यहां अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर विभिन्न कलाओं को सीख रहे हैं, यह उनके भविष्य के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास और समय के सदुपयोग के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश में ऐसे शिविरों में भाग लेना अत्यंत आवश्यक है।

**मेट्रो एंकर**

## देश के भीतर छिपे गद्दारों से रहे सावधान : चेलानी

# ऑपरेशन सिंदूर की विजय का उत्सव मनाया बच्चों ने

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

संस्कार विद्यालय में चल रहे ग्रीष्मकालीन शिविर के दौरान %ऑपरेशन सिंदूर% की सफलता पर विशेष कायक्रम आयोजित किया गया, जिसमें संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी ने भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में स्थित आतंकी ठिकानों को सफलतापूर्वक नष्ट करके पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप युद्धविराम घोषित हुआ।

संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने इस अवसर पर कहा कि हम सभी को शारीरिक और मानसिक रूप से हमेशा मजबूत रहना चाहिए और हर परिस्थिति का सामना करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने देश के भीतर छिपे गद्दारों से



सावधान रहने और देश की एकता व अखंडता के लिए सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया। उन्होंने देश के नेतृत्व और सेना के अद्भुत शौर्य के लिए बधाई दी।

संस्था के कोषाध्यक्ष चंद्र नामदेव ने भी विजय पर बधाई दी। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक प्रशिक्षक और ग्रीष्मकालीन शिविर में भाग ले रहे बड़ी संख्या में बच्चे भी उपस्थित थे, जिन्होंने भारतीय सेना के शोर्य को सेल्यूट किया।

### दिल्ली छात्र गृह योजना में तीन साल तक पढ़ सकेंगे छात्र

# प्रदेश के 150 पिछड़ा वर्ग छात्रावासों में शुरू होगी मेस सुविधा

**दोहपर मेट्रो, भोपाल**

प्रदेश के 150 पिछड़ा वर्ग छात्रावासों में पहली बार मेस की सुविधा मिलने जा रही है। इसकी शुरुआत जुलाई से होगी। सीएम डॉ. मोहन यादव बड़े कार्यक्रम में इसकी घोषणा करने वाले हैं। वहीं दिल्ली में पढ़ाई करने वाले छात्रों को अब 3 साल तक पढ़ाई करने और सरकारी मदद पाने के अवसर मिलेंगे। अभी दिल्ली छात्र गृह योजना में 5 सीटें हैं, जिस पर हर साल प्रवेश मिलता है लेकिन छात्रों के अभिभावकों की मांग है कि एक साल में पढ़ाई पूरी नहीं होती, इसलिए कम से कम 3 साल तक पढ़ाई की सुविधा मिलनी चाहिए। इसे देखते हुए हर साल 50-50 सीटों पर प्रवेश मिलेगा। यह पात्रता उन्हें ही होगी, जो पहले वर्ष प्रवेश ले चुके होंगे, उन्हें ही आगे के 2 वर्षों में प्रवेश मिलेंगे।

### सीएम ने की समीक्षा

सीएम ने मंगलवार को घुमन्तु और अर्द्ध घुमन्तु विभाग की समीक्षा ली, जिसमें विभाग प्रमुखों, पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्ध घुमन्तु समुदायों की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करें। समुदाय के अनेक विद्यार्थियों ने लोक सेवा आयोग जैसी परीक्षाओं में सफलता पाई है, ये प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में रहते हैं। इनकी पुरानी पृष्ठभूमि अथवा पूर्व धारणा के आधार पर इन जातियों के लोगों को अपराधों से न जोड़ा जाए। पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में भी जातिगत शब्दों को शामिल न करे। असम्मानजनक शब्दावली से बचें। जिलों में पुलिस इन जातियों के ऐसे लोगों को अपराधों से अलग करने के लिए प्रयास करें जो विभिन्न कारणों से अपराधों से जुड़ जाते हैं। उन्होंने राजगढ़ जिले में पुलिस प्रशासन द्वारा सांसी जाति के कल्याण के लिए किए गए कार्यों की सराहना की। यह भी कहा कि विभिन्न छात्रवृतियों की राशि शैक्षणिक सत्र के दौरान ही दें, इसमें किसी भी तरह की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



### वक्फ संपत्तियों के डिजिटलाइजेशन में मप्र अव्वल

बैठक में वक्फ संपत्तियों से जुड़े मामलों पर भी चर्चा हुई। जिसमें पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण मामलों की राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने बताया कि 100 फीसद वक्फ संपत्तियों की जियो टैकिंग कर ली है। वक्फ संपत्ति से जुड़े दस्तावेजों को डिजिटल रूप में सुरक्षित कर ऑनलाइन कर दिया है। मध्यप्रदेश के इस नवाचार को केंद्र ने सराहते हुए पांच सदस्यीय केंद्रीय कमेटी बनाई है, जिसमें पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के कमिश्नर को सदस्य बनाया है। दूसरे राज्यों का कहा है कि मध्यप्रदेश ने जिस तरह संपत्तियों से जुड़े दस्तावेजों को डिजिटल रूप में परिवर्तित कर ऑनलाइन किया है, उस तरह के काम दूसरे राज्य में भी करें। राज्य मंत्री ने जानकारी दी कि विभाग के छात्रावासों को सुरक्षा व सुविधा की दृष्टि से हाईटेक बनाया जा रहा है।

### मोहन ने बेंगलुरु में बीईएमएल को गौहरगंज में रेलवे कोच के लिए भूमि आवंटन पत्र सौंपा

# आठ हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव लेकर लौटे सीएम यादव 19 हजार रोजगार के मौके




**दोहपर मेट्रो, भोपाल**

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बेंगलुरु में भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड को रायसेन जिले में रेलवे कोच के लिए भूमि आवंटन पत्र सौंपा। इस दौरान उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश को निवेशकों से 8 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। जिनसे 19 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री ने इंटरेक्टिव सेशन के बाद कहा कि निवेशकों को मध्यप्रदेश में आमंत्रित करने आया था। मैंने निवेशकों से चर्चा की है। उसमें सन फॉर्मा से 3 हजार करोड़, एचईएसएस से 2 हजार करोड़, बीईएमएल 1800 करोड़, अरविंद मील 600 करोड़, अभिनाथ समूह लॉजिस्टिक 100 करोड़, नाइज गारमेंट का 385 करोड़, एचटीसीएल टेक्नोलॉजी का 50 करोड़ का निवेश मिला है।

सब मिलाकर 8 हजार करोड़ का निवेश है। जिससे कुल 19 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। मैंने सभी निवेशकों से कहा है कि आइए मध्यप्रदेश से भी जुड़िए। यहां उद्योग व्यापार की बड़ी संभावनाएं हैं।इससे पहले मुख्यमंत्री  यादव ने बेंगलुरु में बीईएमएल को रायसेन जिले में रेलवे कोच के लिए भूमि आवंटन पत्र सौंपा। इस दौरान उन्होंने कहा कि रायसेन में बीईएमएल की यूनिट खुलने से देश-प्रदेश का औद्योगिक इको सिस्टम सशक्त बनेगा।

### सशक्त बनेगा देश-प्रदेश का ईको सिस्टम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के रायसेन में बीईएमएल की इकाई स्थापना को एक अभूतपूर्व कदम बताया। उन्होंने कहा कि इससे देश-प्रदेश का औद्योगिक इको सिस्टम सशक्त बनेगा। साथ ही युवाओं, एमएसएमई और स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार और अवसरों के नए द्वार खुलेंगे। रायसेन में मेट्रो और रेल कोच निर्माण इकाई की स्थापना प्रदेश के समावेशी एवं सतत् विकास की दिशा में एक सशक्त कदम है। मध्यप्रदेश शासन, मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम और बीईएमएल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।
मध्यप्रदेश शासन ने इस इकाई के लिए कुल 60.063 हेक्टेयर भूमि आवंटन को मंजूरी दी है।
प्रस्तावित इकाई मुख्य रेल एवं नगरीय परिवहन परियोजनाओं के लिए रोलिंग स्टॉक और मेट्रो कोच का निर्माण करेगी। इससे प्रदेश और देश के अन्य भागों में रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर सशक्त होगा।

### नई शिक्षा नीति के तहत स्कूल शिक्षा विभाग की पहल

# 2383 स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा शुरू , 12 ट्रेड्स में चार लाख विद्यार्थी हो रहे प्रतिशित

**दोहपर मेट्रो, भोपाल**

**नई शिक्षा नीति के अनुरूप प्रदेश के 2383 विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा संचालित की जा रही है, जिसमें 4 लाख विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, जिन्हें 12 ट्रेड्स में शिक्षा दी जा रही है। विद्यालयों में कृषि शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये भी 465 विद्यालयों में कृषि ट्रेड्स संचालित किये जा रहे हैं। स्किल कैरियर काउंसलिंग के माध्यम से करीब डेढ़ लाख विद्यार्थियों को कैरियर संबंधी सलाह दी गई। डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये एक लाख 84 हजार प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों को टैबलेट प्रदान किये गये।**

दरअसल, प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 21वीं सदी की पहली शिक्षा नीति है, जिसका उद्देश्य भारत के सतत् विकास के लिये आवश्यक शैक्षिक सुधारों को साकार करना प्रमुख रहा है। इसी उद्देश्य को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का स्कूल शिक्षा में प्रभावी रूप से क्रियान्वयन कर रहा है। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह का मानना है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारत की सांस्कृतिक और सामाजिक विविधता को ध्यान में रखते हुए समावेशी शिक्षा के दृष्टिकोण को बढ़ावा देती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 स्थानीय और वैश्विक आवश्यकताओं के बीच संतुलन भी बनाती है।



### 43 सदस्यीय टॉस्क फोर्स का हुआ गठन

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन के लिए स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विभागीय अधिकारियों, शिक्षाविदों, शासकीय-अशासकीय विद्यालयों के 43 सदस्यीय टॉस्क फोर्स का गठन प्रदेश में किया जा चुका है। टॉस्क फोर्स के गठन के बाद नीति के क्रियान्वयन की समीक्षा एवं सुझाव के लिये टॉस्क फोर्स की 3 बैठकों का आयोजन भी किया जा चुका है। इसके साथ ही निरन्तर समीक्षा के लिये 13 समितियों का गठन भी किया जा चुका है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी शासकीय व अशासकीय विद्यालयों में जुलाई 2024 में गुरु पूर्णिमा के महत्व एवं पारम्परिक गुरू-शिष्य संस्कृति पर प्रार्थना सभा में बातचीत एवं शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा गुरू संस्मरण का आयोजन भी किया गया है।




## संपादकीय

# एक सीज़फायर यह भी

आजकल सीजफायर शब्द बहुत चर्चा में है। भारत पाक के बीच सीजफायर के बाद अब अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने चीन के साथ कारोबारी जंग में भी सीजफायर घोषित किया है। उन्होंने 90 दिन का विराम देने की व्यवस्था कर दी है। दोनों देशों ने संकेत दिया है कि उन्होंने एक दूसरे के आयात पर जो अत्यधिक ऊंचे टैरिफ लागू किए थे उनमें भारी कमी की जा सकती है। टैरिफ में यह कमी एक व्यापार समझौते की उम्मीद के साथ की जाएगी। यह बात याद रखनी होगी कि जब ट्रंप ने अपने %प्रतिशोधात्मक शुल्क% को 90 दिन के लिए स्थगित करने की घोषणा की थी तब चीन को इससे बाहर रखा गया था। चीन से होने वाले आयात पर दूसरे देशों से अधिक शुल्क लगाया गया था जो करीब 145 फीसदी था। इसकी प्रतिक्रिया में चीन ने भी विभिन्न उत्पादों पर 125 फीसदी शुल्क लगा दिया था। अब दोनों देश 115 फीसदी की कमी करके इन्हें क्रमशः 30 फीसदी और 10 फीसदी पर ले आएंगे। दुनिया भर के शेयर बाजारों ने इसे लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। दोनों देशों के पास समझौते पर पहुंचने की वजह है। चीन की फैक्ट्रियों में बनने वाली वस्तुओं की मांग में लगातार कमी आई है क्योंकि अमेरिकी बाजार के दरवाजे उसके लिए बंद हैं। हालांकि उन्होंने इन वस्तुओं को अन्य देशों में भेजकर भरपाई करने का प्रयास किया। चीन ने इस उम्मीद में अपने माल को दूसरे देशों में भेजा कि वहां से उन्हें दोबारा पैक करके अमेरिका भेजा जा सकेगा। इस कोशिश के बावजूद चीन की अर्थव्यवस्था के धीमा पड़ने के अनुमान लगातार सामने आते रहे। इस बीच अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर नजर रखने वाले अनेक लोग हाल के दिनों में उस समय घबराहट के शिकार हो गए जब अमेरिकी बंदरगाहों से खाली कंटेनर शिप और खाली प? अनलोडिंग क्षेत्र की तस्वीरें और वीडियो आने लगे। वैश्विक व्यापार और ऑर्डर थो? अंतराल के साथ काम करते हैं। अगर अगले कुछ दिनों में यह युद्ध विराम नहीं हुआ होता तो अमेरिका में टैरिफ ब?ोतरी का प्रभाव महसूस किया जाने लगता। फिलहाल तो इसे ट्रंप की ओर से कदम वापस खींचने के रूप में ही देखा जा सकता है। यह एक तरह से इस बात की स्वीकारोक्ति है कि अमेरिका और चीन की कारोबारी जंग फिलहाल अमेरिका के लिए अधिक नुकसानदेह साबित हो रही थी। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा है कि दोनों ही देश एक दूसरे के उत्पादों पर प्रतिबंध नहीं चाहते। यह कहना अधिक उपयुक्त होगा कि ट्रंप प्रशासन को पता चल गया है कि चीन के उत्पादों पर पूर्ण रोक कभी भी सही विचार था ही नहीं। यह मानना उचित होगा कि 90 दिनों का इस्तेमाल चीन के साथ समझौता करने के लिए किया जाएगा। बेहतर होगा कि अमेरिकी प्रशासन इस अवधि का इस्तेमाल यह आकलन करने में लगाए कि टैरिफ में ब?ोतरी के कारण कीमतों में कितना इजाफा झेला जा सकता है। फिलहाल जो स्थितियां हैं उनमें यह स्पष्ट नहीं है कि वह मांगों को लेकर क्या प्रस्ताव लाएगा। भारत समेत अन्य देशों का डर यह है कि अमेरिका के साथ सौदेबाजी के उनके प्रयास चीन के साथ बातचीत के परिणामों के अधीन हो जाएंगे। अगर ट्रंप चीन से संतुष्ट रहते हैं तो भारत को बेहतर अवसर मिलेंगे। अगर इसके उलट स्थिति बनी तो वह भारत के लिए असहज हालात हो सकते हैं। बहरहाल भारत को अमेरिका पर नजर रखते हुए प्रतीक्षा करनी चाहिए जबकि यूरोपीय संघ जैसे वैकल्पिक समझौतों को लेकर भी आगे बढने की राह खोजना चाहिये।

> सफलता पहले से की गयी तयारी पर निर्भर है, और बिना ऐसी तयारी के असफलता निश्चित है

## आज का इतिहास

- 1907 रूसी सोशल डेमोक्रेटिक लेबर पार्टी की 5वीं बैठक लंदन के गुप्त में आयोजित की गई।
- 1909 इटली में पहली त्व्द्दह्य लंबी दूरी की रोड साइकिल रेसिंग स्टैगेंस शुरू हुई, जिसमें इतालवी पेशेवर रोड रेसिंग साइकिल चालक लुइगीगन्ना अंतिम विजेता बने।
- 1913 रूसी अमेरिकी इगोर सिकोरस्की ने दुनिया का पहला मल्टी-इंजन फिक्स्ड-विंग विमान, रस्की वाइटाज़ को उड़ाया, जिसे उन्होंने डिज़ाइन किया था।
- 1917 दस वर्षीय लूसिया सैंटोस और उसके चचेरे भाई फ्रांसिस्को और जैसिंटा मार्टो ने कथित तौर पर पुर्तगाल के फेटिमा के पास एक मैरिएन का अनुभव करना शुरू किया, जिसे अब हमारी लेडी ऑफ फातिमा के रूप में जाना जाता है।
- 1918 यूनाइटेड स्टेट्स पोस्ट ऑफिस डिपार्टमेंट ने 13 मई, 1918 को पहला एयरमेल स्टैम्प जारी किया। यह 24 प्रतिशत उलटा जेनी स्टैम्प एक प्रिंटिंग एरर के कारण बहुत प्रसिद्ध हो गया, जिसमें एक बाइप्लेन को 100 टिकटों की एक शीट पर उल्टा दर्शाया गया था जो जनता को बेची गई ।
- 1930 ब्रिटिश श्रम मंत्रालय 1.7 मिलियन बेरोजगारो की लिस्ट बनायीं।
- 1931 पॉल ड्यूमर संसद द्वारा फ्रांस के राष्ट्रपति चुने गए।
- 1931 पॉल डाउमर फ्रांस के राष्ट्रपति चुने गए।
- 1935 लंदन की हॉरर फिल्म वेयरवोल्फ जारी की गई।
- 1939 पहला वाणिज्यिक यूएस एफएम रेडियो स्टेशन, 13 मई, 1939 को ब्लूमफील्ड, कनेक्टिकट में लॉन्च किया गया था। अब इसे 102.9 के रूप में जाना जाता है।

## निशाना

### ना करो अपमान !



-कृष्णेन्द्र राय

**बेटियां जो फौज में ।**
**ना करो अपमान ।।**
**बोल कर विवादित ।**
**ना बनो महान ।।**
**सख्त कार्रवाई की ।**
**है अब तो दरकार ।।**
**करें इनके आका इन पर ।**
**तगड़ा कुछ प्रहार ।।**
**ना हो ऐसी गलती ।**
**त्वरित कुछ उपाय ।।**
**इस दौर में ऐसों का ।**
**ना कोई सहाय ।।**
**बेवजह ये टिप्पणी से ।**
**ना मिलता कुछ फल ।।**
**नाम खराब हो जाता ।**
**होता धूमिल कल ।।**

# सबक सिखाने को जरूरी आयात नियंत्रण के उपाय

*भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। उस समय देश का जीडीपी बढ़कर 4.187 ट्रिलियन डॉलर हो जाएगा और यह जापान के जीडीपी 4.186 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा होगा...*

■ डॉ. जयंतीलाल भंडारी



पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ भारत की कार्रवाई पर चीन पाकिस्तान के साथ खड़ा दिखाई दिया। चीन ने न केवल पाकिस्तान को पूर्ण समर्थन दिया, बल्कि उसे मिसाइलों सहित विभिन्न हथियारों की आपूर्ति भी की। हालांकि चीन निर्मित जिन हथियारों का पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ प्रयोग किया, वे पराक्रमी भारतीय सेना और प्रभावी सैन्य व्यवस्था को हानि पहुंचाने में नाकाम रहे। दरअसल, चीन अप्रत्यक्ष रूप से भारत को आर्थिक शक्ति बनने से रोकना चाहता है। ऐसे में अब भारत द्वारा पाकिस्तान पर कड़े आर्थिक प्रतिबंधों के साथ ही चीन से बढ़ते आयात को नियंत्रित करके उसे भी आर्थिक सबक दिया जाना जरूरी है। हालिया आंकड़ों के मुताबिक चीन के साथ द्विपक्षीय कारोबार में भारत लगातार घाटे में है। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में चीन को भारत का निर्यात 14.5 प्रतिशत घटकर 14.25 अरब डॉलर रह गया, जबकि 2023-24 में यह 16.66 अरब डॉलर था। चिंताजनक यह कि चीन से 2024-25 में आयात 11.52 प्रतिशत बढ़कर 113.45 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 101.73 अरब डॉलर था। चीन के साथ व्यापार घाटा बीते वित्त वर्ष में करीब 17 प्रतिशत बढ़कर 99.2 अरब डॉलर हो गया, जो 2023-24 में 85.07 अरब डॉलर था। चीन 2024-25 में 127.7 अरब डॉलर द्विपक्षीय व्यापार के साथ भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना रहा। चीन पर निर्भरता कम करने के जो रणनीतिक कदम उठाए गए हैं, उनका कोई विशेष असर नहीं दिखा। अब पाकिस्तान को खुला समर्थन दे रहे चीन के साथ कोई छह माह पूर्व भारत ने मित्रता की जिस राह को आगे बढ़ाया था, उसे रोककर चीन के साथ कारोबार असंतुलन कम करने को कदम उठाने जरूरी हैं।

गौरतलब है कि पिछले वर्ष 31 अक्तूबर को दीपावली के दिन वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारत-चीन के सैनिकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई थी। इसका कारण था कि पिछले वर्ष 23 अक्तूबर को रूस के कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच सफल द्विपक्षीय वार्ता हुई जिसमें दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया था। दोनों नेताओं ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैन्य गतिरोध हल करने के लिए समझौते का स्वागत किया और अधिकारियों को लद्दाख में सीमा विवाद सुलझाने के लिए बातचीत जारी रखने के निर्देश दिए। इस वार्ता के बाद सैन्य स्तर पर क्रियान्वयन के साथ डेमचोक और डेपसांग क्षेत्रों में टकराव बिंदुओं से सैनिकों की वापसी के बाद से लगातार पेट्रोलिंग हो रही है। यद्यपि चीन से नए सैन्य समझौते के बाद भारत को वहां से ज्यादा आयात से बचने के लिए सावधानी बरतना जरूरी लग रहा था, लेकिन भारत ऐसा नहीं कर पाया व चीन से आयात बढ़ते गए।

कोई दो मत नहीं कि चीन पाकिस्तान को आतंकी प्रोत्साहन देते हुए भारत की तेजी से बढ़ती आर्थिकी की राह में बाधक बनना चाहता है। चीन जानता है कि भारत अपनी बढ़ती आर्थिक साख व तेजी से इसी वर्ष 2025 में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी आर्थिकी बनते हुए दिखाई देगा ! हाल ही में प्रकाशित अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की रिपोर्ट के अनुसार, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है। इसी वर्ष 2025 के अंत तक भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। उस समय देश का जीडीपी बढ़कर 4.187 ट्रिलियन डॉलर हो जाएगा और यह जापान के जीडीपी 4.186 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा होगा। रिपोर्ट में कहा गया कि विकास की ऊंची दर से भारत का जीडीपी 2028 में बढ़कर 5.584 ट्रिलियन डॉलर हो जाएगा और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

इसी तरह हाल ही में वैश्विक रेटिंग एजेंसी मॉर्निंग स्टार डीबीआरएस ने भारत की सॉवरेन रेटिंग को निम्नतम निवेश ग्रेड 'बीबीबी (कम)' से एक पायदान ऊपर उठाकर 'बीबीबी' कर दिया है। रेटिंग प्रवृत्ति को भी 'सकारात्मक' से 'स्थिर' कर दिया गया है। इस रेटिंग एजेंसी ने उन्नयन के लिए बुनियादी ढांचे में निवेश और डिजिटलीकरण, राजकोषीय समेकन, व्यापक आर्थिक स्थिरता के साथ सतत उच्च विकास और लचीली बैंकिंग प्रणाली के माध्यम से देश के संरचनात्मक सुधारों का हवाला दिया है। दुनिया के उभरते हुए देशों में भारत की अर्थव्यवस्था सबसे तेजी से आगे बढ़ रही है। बीती अप्रैल में जीएसटी संग्रह 2.09 लाख करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंच गया, जो किसी माह अभी तक का सर्वाधिक राजस्व है। पिछले वर्ष 2024-25 में जीएसटी और इनकम टैक्स संग्रह रिकॉर्ड ऊंचाई पर रहा।

निश्चित रूप से भारत को आर्थिक रूप से आगे बढ़ने से रोकने और शत्रुतापूर्ण व्यवहार कर रहे चीन से व्यापार घाटा कम करने के लिए सरकार को कारगर प्रयास करने होंगे। कोई दो मत नहीं कि पिछले एक दशक से स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करके चीन से आयात घटाने के प्रयास हुए। वर्ष 2019 और 2020 में चीन की भारत के प्रति आक्रामक और विस्तारवादी नीति सामने आई, तो स्थानीय उत्पादों के उपयोग की लहर देश में बढ़ती दिखाई दी। वोकल फॉर लोकल मुहिम के प्रसार ने स्थानीय उत्पादों की खरीदी को पहले की तुलना में अधिक समर्थन दिया। अब एक बार फिर से देश के करोड़ों लोगों को चीनी उत्पादों की जगह स्वदेशी उत्पादों के उपयोग के नए संकल्प के साथ आगे बढ़ना होगा। चीन के लिए भारत के विशाल बाजार में आयातों में कमी आर्थिक प्रहार के रूप में दिखाई देगी और इससे स्वदेशी उद्योग तथा एमएसएमई लाभान्वित होंगे।

***साभार: लेखक अर्थशास्त्री हैं, यह उनके विचार हैं।***

# मानव सभ्यता का शिखर एवं रिश्तों का स्वर्ग है परिवार

## आज अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस

■ ललित गर्ग

वैश्विक परिवार दिवस दुनिया भर के लोगों में प्यार, सद्भाव, एकता को प्रोत्साहित करने के लिए समर्पित विश्व उत्सव है। संयुक्त राष्ट्र ने परिवारों के महत्व और उनके सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए इस दिन की स्थापना की। परिवार हमें एकसूत्रता में बांधता है, रिश्तों की अहमियत को गहराई से समझाता है, सभी पारिवारिकजनों में प्यार ब?ाता है। हमें एक व्यक्ति के रूप में विकसित होने और हमारे भावनात्मक संबंधों को मजबूत करते हुए बेहतर इंसान बनाने में करता है। संयुक्त राष्ट्र ने माना कि बदलती आर्थिक और सामाजिक संरचनाएं दुनियाभर में पारिवारिक इकाइयों को प्रभावित कर रही हैं, इसलिए, 1993 में इसने आधिकारिक तौर पर 15 मई को अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस के रूप में घोषित किया। जैसाकि दुनिया दोहा, कतर में 4-6 नवंबर 2025 में सामाजिक विकास के लिए दूसरे विश्व शिखर सम्मेलन की तैयारी कर रही है, तब अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस सतत विकास को आगे ब?ाने में परिवार-उन्मुख नीतियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालेगा, जो गरीबी उन्मूलन, सभ्य कार्य और सामाजिक समावेशन के प्रति प्रतिबद्धताओं को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। 'सतत विकास के लिए परिवार-उन्मुख नीतियां: सामाजिक विकास के लिए दूसरे विश्व शिखर सम्मेलन की ओर' थीम के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पहलों से महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि को उजागर किया जाएगा, जिसमें सतत विकास के लिए प्रौद्योगिकीय परिवर्तन, जनसांख्यिकीय बदलाव, शहरीकरण, प्रवासन और जलवायु परिवर्तन जैसी बड़ी प्रवृत्तियों से निपटने के लिए राष्ट्रीय विकास एजेंडा में परिवार-केंद्रित नीतियों को एकीकृत करने के महत्व पर जोर दिया जाएगा। परिवार में रिश्तों की एक मजबूत डोर होती है, सहयोग के अटूट बंधन होते हैं, एक-दूसरे की सुरक्षा के वादे और इरादे होते हैं। इस रिश्ते की गरिमा को बनाए रखें। हमारी संस्कृति एवं परंपरा में पारिवारिक एकता पर हमेशा से बल दिया जाता रहा है। प्राणी जगत एवं सामाजिक संगठन में परिवार सबसे छोटी इकाई है। परिवार के अभाव में मानव समाज के संचालन की कल्पना भी दुष्कर है, प्रत्येक व्यक्ति किसी-न-किसी परिवार का सदस्य होकर ही अपनी जीवन यात्रा को सुखद, समृद्ध, विकासोन्मुख बना पाता है। उससे अलग होकर उसके अस्तित्व को सोचा नहीं जा सकता है। हमारी संस्कृति और सभ्यता अनेक परिवर्तनों से गुजर कर अपने को परिष्कृत करती रही है, लेकिन परिवार संस्था के अस्तित्व पर कोई भी आंच नहीं आई। वह बने और बन कर भले टूटे हों लेकिन उनके अस्तित्व को नकारा नहीं जा सकता है। हम चाहे कितनी भी आधुनिक विचारधारा में पल रहे हो लेकिन अंत में अपने संबंधों को विवाह संस्था से जोड़ कर परिवार में परिवर्तित करने में ही संतुष्टि एवं जीवन की परिपूर्णता-सार्थकता अनुभव करते हैं। परिवार का महत्व न केवल भारत में बल्कि दुनिया में सर्वत्र है। आधुनिक समाज में परिवार का विघटन आम बात हो चुकी है। ऐसे में परिवार न टूटे इस मिशन एवं विजन के साथ



अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाता है। परिवार के बीच में रहने से आप तनावमुक्त व प्रसन्नचित्त रहते हैं, साथ ही आप अकेलेपन या डिप्रेशन के शिकार भी नहीं होते, यही नहीं परिवार के साथ रहने से आप कई सामाजिक बुराइयों से अछूते भी रहते हैं। परिवार दो प्रकार के होते हैं- एक एकल परिवार और दूसरा संयुक्त परिवार। एकल परिवार में पापा-मम्मी और बच्चे रहते हैं। संयुक्त परिवार में पापा-मम्मी, बच्चे, दादा दादी, चाचा, चाची, बड़े पापा, बड़ी मम्मी, बुआ इत्यादि रहते हैं। संयुक्त परिवार टूटने एवं बिखरने की त्रासदी को भोग रहे लोगों के लिये यह दिवस बहुत महत्वपूर्ण है। वास्तव में मानव सभ्यता की अनूठी पहचान है संयुक्त परिवार और वह जहां है वहीं स्वर्ग है। रिश्तों और प्यार की अहमियत को छिन्न-भिन्न करने वाले पारिवारिक सदस्यों की हरकतों एवं तथाकथित आधुनिकतावादी सोच से जहां बुड़ापा कांप उठता है, वहीं बच्चों की दुनिया को भी बहुत सारे आयोजनों से बेदखल कर दिया है। दुख सहने और कष्ट झेलने की शक्ति जो संयुक्त परिवारों में देखी जाती है वह एकल रूप से रहने वालो में दूर-दूर तक नहीं होती है। आज के अत्याधुनिक युग में बड़ती महंगाई और बड़ती जरूरतों को देखते हुए संयुक्त परिवार समय की मांग कहे जा सकते हैं। भारत गांवों का देश है, परिवारों का देश है, शायद यही कारण है कि न चाहते हुए भी आज हम विश्व के सबसे बड़े जनसंख्या वाले राष्ट्र के रूप में उभर चुके हैं और शायद यही कारण है कि आज तक जनसंख्या दबाव से उपजी चुनौतियों के बावजूद, एक 'परिवार' के रूप में, जनसंख्या नीति बनाये जाने की जरूरत महसूस नहीं की। ईंट, पत्थर, चूने से बनी दीवारों से घिरा जमीं का एक हिस्सा घर-परिवार कहलाता है जिसके साथ 'मैं' और 'मेरापन' जुड़ा है। संस्कारों से प्रतिबद्ध संबंधों की संगठनात्मक इकाई उस घर-परिवार का एक-एक सदस्य है। हर सदस्य का सुख-दुख एक-दूसरे के मन को छूता है। प्रियता-अप्रियता के भावों से मन प्रभावित होता है। घर-परिवार जहां हर सुबह रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा, चिकित्सा की समुचित व्यवस्था की जुगाड़ में धूप चड़ती है और आधी-अधूरी चिंताओं का बोझ ढोती हुई हर शाम घर-परिवार आकर ठहरती है। कभी लाभ, कभी हानि, कभी सुख, कभी दुख, कभी संयोग, कभी वियोग, इन द्वंद्वात्मक परिस्थितियों के बीच जिंदगी का कालचक्र गति करता है। आदमी की हर कोशिश 'घर-परिवार' बनाने की रहती है। सही अर्थों में घर-परिवार वह जगह है जहां स्नेह, सौहार्द, सहयोग, संगठन सुख-दुख की साझेदारी, सबमें सबक होने की स्वीकृति जैसे जीवन-मूल्यों को जीया जाता है। जहां सबको सहने और समझने का पूरा अवकाश है। अनुशासन के साथ रचनात्मक स्वतंत्रता है। निष्ठा के साथ निर्णय का अधिकार है। जहां बचपन सत्संस्कारों में पलता है। युवकत्व सापेक्ष जीवनशैली से जीता है। वृद्धत्व जीए गए अनुभवों को सबके बीच बांटता हुआ सहिष्णु और संतुलित रहता है। ऐसा घर-परिवार निश्चित रूप से पूजा का मंदिर बनता है। परिवार एक संसाधन की तरह होता है। फिर क्या कारण है कि आज किसी भी घर-परिवार के वातायन से झांककर देख लें-दुख, चिंता, कलह, ईर्ष्या, घृणा, पक्षपात, विवाद, विरोध, विद्रोह के साये चलते हुए दीखेंगे। अपनों के बीच भी परायेपन का अहसास पसरा हुआ होगा। विचारभेद मनभेद तक पहुंचा देगा। विश्वास संदेह में उतर आएगा। ऐसी अनकही तनावों की भीड़ में आदमी सुख के एक पल को पाने के लिए तड़प जाता है। कोई किसी के सहने/समझने की कोशिश नहीं करता। क्योंकि उस घर-परिवार में उसके ही अस्तित्व के दायरे में उद्देश्य, आदर्श, उम्मीदें, आस्था, विश्वास की बदलती परिधियां केंद्र को ओझल कर भटक जाती हैं। विघटन शुरू हो जाता है। भारतीय परिवार में परिवार की मर्यादा और आदर्श परंपरागत है। विश्व के किसी अन्य समाड़ में गृहस्थ जीवन की इतनी पवित्रता, स्थायीपन, और पिता-पुत्र, भाई-भाई और पति-पत्नी के इतने अधिक व स्थायी संबंधों का उदाहरण प्राप्त नहीं होता। विभिन्न क्षेत्रों, धर्मों, जातियों में सम्पत्ति के अधिकार, विवाह और विवाह विच्छेद आदि की प्रथा की दृष्टि से अनेक भेद पाए जाते हैं, किंतु फिर भी 'संयुक्त परिवार' का आदर्श सर्वमान्य है। अधिकतर परिवार में तीन पीड़ियों और कभी कभी इससे भी अधिक पीढ़ियों के व्यक्ति एक ही घर में, अनुशासन में और एक ही रसोईघर से संबंध रखते हुए सम्मिलित संपत्ति का उपभोग करते हैं और एक साथ ही परिवार के धार्मिक कृत्यों तथा संस्कारों में भाग लेते हैं। मुसलमानों और ईसाइयों में संपत्ति के नियम भिन्न हैं, फिर भी संयुक्त परिवार के आदर्श, परंपराएं और प्रतिष्ठा के कारण इनका सम्पत्ति के अधिकारों का व्यावहारिक पक्ष परिवार के संयुक्त रूप के अनुकूल ही होता है। संयुक्त परिवार का कारण भारत की कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था के अतिरिक्त प्राचीन परंपराओं तथा आदर्श में निहित है। रामायण और महाभारत की गाथाओं द्वारा यह आदर्श जन-जन में संप्रेषित है। इंसानी रिश्तों एवं पारिवारिक परम्परा के नाम पर उठा जिन्दगी का यही कदम एवं संकल्प कल की अगवानी में परिवार के नाम एक नायाब तोहफा होगा।

**साभार**- लेखक के विचार हैं

# सनातनी जहां रहेंगे, वहां क्षेत्र की उन्नति होगी : श्री कृष्णचंद्र शास्त्री

गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो

गंज हनुमान मंदिर पर चल रही श्री भागवत कथा के चौथे दिवस कथा वाचक श्री कृष्णचंद्र शास्त्री ठाकुर ने कृष्ण जन्म उत्सव वर्णन किया। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के दौरान जब नंद बाबा अपने कृष्ण कन्हैया को लेकर सभा में पधारें तो चार क्विंटल फूलों की पंखुड़ियों से भगवान कृष्ण के बाल रूप का अभिनंदन भक्तों ने किया। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के दौरान वृंदावन से पधारे संगीताचार्यों ने जब कृष्ण जन्म की मधुर मधुर बधाइयां गाईं तो उपस्थित श्रोता श्रृद्धालु बरबस ही नृत्य करने लगे। भक्ति मय संगीत पर अपनी सुध-बुध खो बैठे।

**श्री कृष्ण जन्म उत्सव में हुई बृज के आनंद वर्षा बासौदा बना वृंदावन**

श्रृद्धालुओं का कहना है कि कथा में आनंद ऐसा आ रहा है जैसे बासौदा ही वृंदावन बन गया हो। भागवत कथा के पांचवे दिवस आज गुरुवार को गोवर्धन पूजा और छप्पन भोग लीला के दर्शन होंगे।

**सनातनी जहां रहेंगे वहां की उन्नति होगी**

कथा के दौरान श्री कृष्ण चंद्र शास्त्री राष्ट्रवाद पर बोलते हुए सनातन और सनातन धर्म के



अनुयायियों की खुलकर प्रशंसा करते हुए कहा कि पूरे विश्व में सनातनी जहां भी निवास करेंगे, वहां वह कभी लड़ाई दंगे, आतंकवाद फसाद में लिप्त नहीं मिलेंगे। सनातनी जहां रहते हैं, उस भूमि के प्रति समर्पित रहते हैं और उस क्षेत्र और भूमि को उन्नति के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर देते हैं।

विश्व में फैली धार्मिक हिंसा पर कठोर प्रहार करते हुए कहा कि जब पाकिस्तान के प्रताड़ना से बांग्लादेशी नागरिक त्रस्त थे। भारत ने उनको स्वतंत्र कराया। सनातन धर्म की एक शाखा इस्कान के संतों और अनुयायियों ने संकट की घड़ी में उनको प्रतिदिन भोजन कराया, घायलों को चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई लेकिन धार्मिक कट्टरवादियों ने कुछ ही समय पूर्व हमारे उन्हीं अहिंसक संतों और हिंदू अनुयायियों की पहचान पहचान कर नृशंस हत्याएं की, माता बहनों के साथ घृणित घटनाओं को बेहद क्रूर तरीके से अंजाम दिया गया। अभी हाल ही में कश्मीर के पहलगांव में एक और जघन्य हत्याकांड हुआ। जहां धर्म पूछ पूछकर निर्दोष पर्यटकों को मारा इसलिए अब यह आवश्यक हो गया है कि सनातन के सभी अनुयाई एक हों और ऐसी कट्टर विचारधारा का बहादुरी से पलट जबाब दें।

## अवैध परिवहन करते हुए ट्रैक्टर जप्त

**गंजबासौदा।** वन विभाग टीम द्वारा घटेरा क्षेत्र में कार्रवाई की गई। जहां पर अवैध परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर जब्त कार्रवाई की गई है। वन विभाग टीम लगातार क्षेत्र का निरीक्षण कर रही है निरीक्षण के दौरान अवैध परिवहन पर कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के दौरान रामकिशन अहिरवार उप वन क्षेत्रपाल, अशोक गौर वनपाल, कोमल जाटव वनपाल, प्रवीण विश्वकर्मा, देवेन्द्र सिंह राजपूत, धर्मेंद्र कुशवाह, राहुल मेहता, गोविंद लोधी मौजूद रहे।



## साहित्य सेवी करैया दिल्ली में सम्मानित

**नर्मदापुरम।** मातृ दिवस के उपलक्ष्य मे अनन्या फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा अखिल भारतीय काव्य महोत्सव एंव सम्मान समारोह का आयोजन हुआ इस अवसर पर देश के रचनाकारों,साहित्यकारों, साहित्य सेवाओं मे उल्लेखनीय योगदान करने वालो को सम्मानित किया। सम्मान समारोह मे नर्मदापुरम के साहित्य सेवक,समाजसेवी केप्टिन किशोर करैया को अनवरत साहित्य समागमो के माध्यम से नवोदितो को मंच देने,स्थापितो को शिखर पर पहुँचने तथा सतत साहित्यिक आयोजनो की दशको की प्रमाणिक अनुभव सिध्दता के परिप्रेक्ष्य मे संस्था अध्यक्ष अनुराधा पाण्डेय एंव अतिथियों ने शाल श्रीफल,स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।



## नया चूरना में पशु संवर्धन एवं समस्या निवारण शिविर का आयोजन

**नर्मदापुरम।** गत दिवस सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से विस्थापित ग्राम नया चूरना, बागड़ा के निकट, में पशुपालन विभाग एवं सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम के संयुक्त तत्वावधान में पशु संवर्धन योजना एवं समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं नर्मदापुरम डॉ. शैलेन्द्र नेमा, पशु चिकित्सक बाबई डॉ. सिद्धार्थ वाडिवा एवं वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गुरुदत्त शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामवासियों को पशुपालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं जैसे मुर्गी पालन, बकरी पालन इकाई, डेयरी योजना, पशुधन क्रेडिट कार्ड, पशुधन बीमा आदि की जानकारी दी तथा इन योजनाओं पर मिलने वाली सब्सिडी से अवगत कराया। ग्राम वासियों ने इन योजनाओं में उत्साहपूर्वक भागीदारी की इच्छा जताई।



## जल संरक्षण के लिए वाचावानी में श्रमदान

**नर्मदापुरम.** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा प्रदेश भर में विभिन्न जन-जागरूकता गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। इसी श्रृंखला में जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था मां नर्मदा ग्राम विकास समिति बनखेड़ी एवं ग्राम पंचायत वाचा वानी के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम वाचा वानी के तालाब में गहरीकरण हेतु श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस श्रमदान कार्यक्रम में प्रस्फुटन समिति के सदस्य, जन अभियान परिषद के परामर्शदाता, सीएमसीएलडीपी छात्र एवं नवांकुर संस्था के सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मानव श्रृंखला बनाकर की गई तथा उपस्थित जनसमूह को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।



## शरद स्मृति न्यास के उत्कर्ष भवन लोकार्पित

**गंजबासौदा।** शरद स्मृति न्यास गंजबासौदा के उत्कर्ष भवन का लोकार्पण बुधवार को हुआ। इस अवसर पर संघ की दृष्टि से गंजबासौदा जिले के अंतर्गत कुरवाई, सिरोंज, लटेरी पठारी, त्योंदा के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। लोकार्पण के अवसर पर प्रमुख रूप से नौलखी खालसा के श्री महंत राम मनोहर दास जी महाराज, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत कार्यवाह हेमंत सेठिया, विभाग संघ चालक सुरेश देव, राजेश माथुर जिला अध्यक्ष सेवा भारती, रामकिशोर अग्रवाल अध्यक्ष शरद स्मृति न्यास विदिशा की उपस्थिति में संपन्न हुआ।



## सांडिया घाट पर नहाते समय 8 बच्चे डूबे गोताखोरों ने 7 को बचाया , एक मौत

**नर्मदापुरम।** गत दिवस सुबह लगभग 09 बजे सीताराम घाट, सांडिया तहसील पिपरिया पर एक दुखद घटना सामने आई, जब नहाते समय 8 बच्चे अचानक नदी में डूब गए। होमगार्ड टीम एवं स्थानीय गोताखोरों की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से 7 बच्चों को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया। रेस्क्यू कार्य में होमगार्ड टीम के साथ-साथ स्थानीय गोताखोरों की भूमिका सराहनीय रही। इस दुर्घटना में एक बच्चा आयुष्मान दुबे, पिता चंद्रकांत दुबे, उम्र 08 वर्ष, निवासी बड़ा मंदिर के पास, हरदा, को बचाया नहीं जा सका और उसकी नदी में डूबने से मृत्यु हो गई। स्थानीय होमगार्ड कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, डूबे हुए बच्चे का शव आज सुबह करीब 10 से 12 किलोमीटर दूर नदी में बरामद कर लिया गया है। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि नदी, तालाबों या अन्य जल स्रोतों में बच्चों को बिना देखरेख के न भेजें और सावधानी बरतें।

### कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

# खेत तालाबों के मस्टर भरे जाने की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करें : कलेक्टर

नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो

कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में जलगंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर सोनिया मीना ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा बैठक के दौरान प्रदेश स्तर पर जिले की रैंकिंग पर असंतोष प्रकट करते हुए कहा की जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत की जा रही गतिविधियों में स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने अभियान से संबंधित समस्त विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को सख्त रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि वर्तमान स्थिति बिल्कुल भी स्वीकार्य योग्य नहीं है। उन्होने कहा कि सभी अधिकारी जमीनी स्तर पर अभियान के समस्त घटकों में प्रगति प्राप्त करें। कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया कि पंचायत स्तर पर कूप रिचार्ज की स्थिति में सुधार किए जाने की आवश्यकता है।



सभी अधिकारी इस दिशा में ठोस कदम उठाएं।

उन्होंने प्रभारी सीईओ जनपद पंचायत बनखेड़ी को निर्देशित किया कि खेत तालाबों के मास्टर फिलिंग किया जाना जाना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने यह निर्देश भी दिए कि अभियान अंतर्गत जल दूतो की संख्या तथा जन सहभागिता को भी बढ़ाया जाए। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जनपद पंचायत सोहागपुर के खराब प्रदर्शन पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा की अभियान अवधि में पंचायत स्तर पर किए जाने वाले कार्यों में स्थिति बेहद निराशापूर्ण है। उन्होंने सीईओ जनपद पंचायत सोहागपुर को निर्देशित किया है कि आगामी 1 सप्ताह में अभियान के प्रत्येक घटकों में अपनी स्थिति को सुधारे अन्यथा नियम अनुसार कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने जल संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दीवार लेखन, जल चौपाल तथा जन सहभागिता से ग्रामीण अंचलों में जल जागरुकता के लिए अभियान चलाया जाए।

समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर सुश्री मीना ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनपद पंचायत पिपरिया द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए सीईओ जनपद पंचायत पिपरिया को निर्देशित किया पूर्व वर्ष के दौरान जल संरक्षण के लिए चिन्हित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने सहायक यंत्री जनपद पंचायत पिपरिया को निर्देशित किया कि ग्राउंड लेवल पर सभी कार्यों का निरीक्षण किया जाना सुनिश्चित करें साथ ही कार्य की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने निर्देशित किया की अभियान अवधि अंतर्गत जलदूतो को जल संरक्षण की गतिविधियों के लिए सक्रिय करें साथ ही जल चौपालों की संख्या भी बढ़ाई जाए। जनपद पंचायत माखननगर के सीईओ को कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया कि अभियान अवधि में अपने प्रदर्शन सुधारे। वर्तमान में जनपद पंचायत का प्रदर्शन निराशाजनक है। उन्होंने निर्देशित किया कि खेत तालाब के लिए जारी किए गए मस्टर को भरा जाना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार उन्होंने केसला जनपद सीईओ को निर्देश दिए कि जल संरक्षण की गतिविधियों को बढ़ाया जाए। जनभागीदारी, जल दूतों की सक्रियता तथा अन्य क्रियाकलापों की प्रगति भी सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को निर्देशित किया कि प्रत्येक घटको में कठिन परिश्रम करने की आवश्यकता है। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी मिलकर मेहनत करें जिससे जिले की प्रगति परिलक्षित हो। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगरीय क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान के तहत चिन्हित किए गए लक्ष्यों को रिव्यू कर उन्हें बढ़ाया जाए। उन्होंने समस्त सीएमओ को निर्देश दिए की फील्ड पर सक्रियता बढ़ाएं। नगरीय क्षेत्रों में तालाब, बावड़ी हुए आदि के जीर्णोद्धार की कार्यवाही तेज करें। नगरीय क्षेत्रों में भवनो की संख्या के अनुसार रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को स्थापित करवाए करवाए जाने की दिशा में ठोस कदम उठाए। इस दौरान उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पानी के अपव्यय को रोकने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाए जाएं। डोर टू डोर कचरा वाहन पर वार्डो में जागरुकता जिंगल के माध्यम से प्रचार करें।

## जिला प्रबंधक ने लोक सेवा केंद्र का किया निरीक्षण



नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो

जिला प्रबंधक, लोक सेवा आनंद झैरवार द्वारा बुधवार को लोक सेवा केंद्र नर्मदापुरम का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केंद्र पर ऑनलाइन भरे गए आवेदनों और उनसे संलग्न दस्तावेजों की जांच की गई। निरीक्षण में यह निर्देश दिए गए कि प्रत्येक आवेदक को ऑनलाइन भरे गए आवेदन की पावती अनिवार्य रूप से दी जाए। सभी पाँच ऑपरेटर मौके पर उपस्थित पाए गए। उन्हें समय पर उपस्थित होने और निर्धारित यूनिफॉर्म में आने के निर्देश भी दिए गए।

लोक सेवा केंद्र को प्रतिदिन प्रातः 10ः00 बजे नियत समय पर खोले जाने के निर्देश दिए गए। जांच में कुछ ऑनलाइन आवेदनों पर आवेदकों के हस्ताक्षर नहीं पाए गए, जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए ऑपरेटरों को निर्देशित किया गया कि सभी आवेदनों पर आवेदक से हस्ताक्षर अनिवार्य रूप से लिए जाएं।

निरीक्षण के दौरान यह भी पुष्टि की गई कि केंद्र पर लगे सीसीटीवी कैमरे कार्यशील स्थिति में हैं। साथ ही यह भी पाया गया कि आवेदकों से निर्धारित शुल्क ?20/- ही लिया जा रहा है।

लोक सेवा केंद्र पर सभी बुनियादी व्यवस्थाएं जैसे कि निर्धारित स्टाफ, पेयजल, बैठक व्यवस्था, इंटरनेट, कंप्यूटर, प्रिंटर, यूपीएस, फर्नीचर, प्रचार-प्रसार सामग्री आदि मौजूद पाई गईं।

## यह कैसी सड़क : 10 दिन में ही उखड़ गई परिषद उपयंत्री बोले अभी फाइनल नहीं हुई

तेंदूखेड़ा , दोपहर मेट्रो

कई सालों के लंबे इंतजार के बाद जबलपुर दमोह मुख्य मार्ग से प्रधानमंत्री खकरिया मार्ग की लगभग 1 किलोमीटर की सड़क जो कई सालों से खराब है जिसके कारण धूल मिट्टी से लोग परेशान हैं 4 मई को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत इसी मार्ग पर स्थित कृषि उपज मंडी में विवाह संपन्न हुए जिसके कारण आनन फानन मै विवाह के 1 दिन पहले जहां सड़क सबसे ज्यादा खराब थी वह सड़क लगभग 200 मीटर को बनाने का काम एक दिन में किया गया जिसमें पुराने मेडिकल क्वार्टर से शिक्षक कॉलोनी के गेट तक 200 मीटर लंबी डामलीकृत सड़क बनाई गई यह सड़क महज दस दिन भी नहीं टिक सकी। लगभग 10-30 लाख रुपये की लागत से बनी सड़क अब जगह-जगह से उखड़ चुकी है। कालीगिट्टी बिखर रही है जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी एक बार फिर से परेशानी शुरू हो गई है जिससे लोगों में जबरदस्त आक्रोश है, बल्कि नगर परिषद पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप भी लग रहे हैं। वहीं नगर परिषद के उपयंत्री भूपेंद्र सिंह का कहना है कि शादी विवाह को देखकर लगभग



200 मीटर सडक तत्काल ठेकेदार द्वारा बनवाई गई थी अभी सड़क पर फाइनल कोट नहीं हुआ है मेरी कल ही ठेकेदार से इस संबंध में बात हुई थी मैं पुनः ठेकेदार से बात करता हूं और सड़क जो अधूरी है उस पर फाइनल कोट करने के लिए बोलता हूं।

## समर कैंप का हुआ समापन

**तेंदूखेड़ा।** सँदीपनी शासः उ. मा. विद्यालय में समर कैम्प 2025 का समापन कार्यक्रम बुधवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में छात्र । छात्राओं ने समर कैम्प में कला, खेलकुद ,संगीत विद्या ,समर कैंप में आर्ट्स एवं क्राफ्ट्स मैं भाग लिया शिक्षको ने इस दौरान बताया की आर्ट एंड क्राफ्ट्स एक रचनात्मक और मनोरंजक गतिविधि की यह बच्चों को अपनी कलात्मक प्रतिभा को व्यक्त करने और नए कौशल सीखने का अवसर प्रदान करता है। समर कैंप में आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स गतिविधियों में पेंटिंग, ड्राइंग, शिल्प, मिट्टी से काम करना, और अन्य कलात्मक गतिविधियाँ शामिल हो सकती हैं। समर कैंप में आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स के कई लाभ है समर कैंप को सुचारू रूप से संपन्न कराने में प्राचार्य वहादुर सिंह ठाकुर, माध्यमिक विंग प्रभारी श्रीमति नीतू हजारी प्राथमिक विँग प्रभारी मदन सिंह ठाकुर , कार्यक्रम नोडल अधिकारी- श्रीमति दर्शनी सोनी का बिशेष योगदान रहा।



**मेट्रो एंकर**

### संभागायुक्त तिवारी ने की ऊर्जा, पीएमजीएसवाई, हाउसिंग बोर्ड एवं अन्य विभागों की समीक्षा

# अफसरों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश

नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो

बुधवार को नर्मदापुरम संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी की अध्यक्षता में पीएमजीएसवाई, ऊर्जा, हाउसिंग बोर्ड, अक्षय उर्जा एवं ऊर्जा विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक आयुक्त कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक के दौरान संभाग आयुक्त श्री तिवारी द्वारा ऊर्जा विभाग द्वारा रीवैम्?प्?ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के तहत किए जा रहे कार्यों की विस्तार पूर्वक समीक्षा कर संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सब स्टेशन स्थापना, लाइन एक्सटेंशन ट्रांसफार्मर की क्षमता एवं संख्या में वृद्धि तथा अन्य क्षमता विकास के कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए। हरदा एवं बैतूल जिले के एमपीईबी के उपस्थित अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई की फेस 1 के तहत होने वाले सारे कार्य पूर्णता स्तर पर पहुंच चुके हैं जो कि आगामी माहों में पूर्ण कर लिए जाएंगे। संभागायुक्त श्री तिवारी ने निर्देश दिए की वन विभाग तथा एसटीआर क्षेत्र में आ रही समस्याओं के संबंध में फील्ड डायरेक्टर,



सीसीएफ तथा डीएफओ से समन्वय स्थापित कर समस्या का उचित समाधान निकाला जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि आगामी वर्षा कल को दृष्टिगत रखते हुए पूर्व नियोजित ढंग से तैयारी की जाए तथा बिजली की निर्बाध आपूर्ति भी सुनिश्चित की जाए।

बैठक के दौरान संभाग आयुक्त श्री तिवारी ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना (पीएमजीएसवाय) फेस 3 के तहत संभाग में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने तीनों जिलो के ईई पीएमजीएसवाय को निर्देशित किया कि सड़क एवं अन्य अधोसंरचना निर्माण एवं विकास कार्य को समय सीमा निर्धारित कर पूरे किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि विभागीय स्तर पर कोई भी कार्य लंबित ना रहे यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही फेस 4 के तहत चिन्हित कार्यों का सर्वे भी शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि अन्य विभागीय योजनाओं के कारण जिन क्षेत्रों में सड़क क्षतिग्रस्त हुई हो उन क्षेत्रों में संबंधित विभाग से पत्राचार कार्य सड़क रेस्टोरेशन भी करवाया जाए। संभाग आयुक्त श्री तिवारी ने निर्देशित किया की बारिश पूर्व विभाग से संबंधित समस्त सड़कों का मेंटेनेंस सुनिश्चित किया जाए। संभागीय समीक्षा बैठक के दौरान कमिश्नर श्री तिवारी ने हाउसिंग बोर्ड विभाग के तहत किए जा रहे कार्य की भी समीक्षा की। बैठक के दौरान संयुक्त आयुक्त विकास जीसी दोहर, सहित अन्य विभागों के संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जयमाला के दौरान भिड़े वर पक्ष और वधू पक्ष, राजीनामा के बाद बिना दुल्हन की लौटी बारात

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत महगुँवा खुर्द मैं जयमाला के दौरान वर पक्ष एवं वधू पक्ष के बीच लड़ाई झगड़ा होने से शादी कैंसिल हो गई और मामला तेंदूखेड़ा थाने पहुंचने पर राजीनामा के बाद दोनों ने शादी कैंसिल कर दी दूल्हा बैरंग वापस गया जानकारी के अनुसार वर पक्ष शिवम पिता अमर सिंह गौड उम्र 22 वर्ष निवासी कुम्हारी दमोह एवं वधू पक्ष मोहन सिंह पिता बल्देल सिंह गौड निवासी रिचकुडी थाना तेन्दूखेड़ा की पुत्री नंदनी गौड़ की शादी दिनांक 13मई 25 को ग्राम रिचकुडी में हो रही थी जब जयमाला कार्यक्रम के दौरान कुछ आसामाजिक तत्वों के द्वारा उत्पात मचाने गाली गलौच के कारण दोनों पक्ष एक दूसरे से नाराज होकर आपस में भिड़ गए जिसके कारण शादी सम्पन्न नहीं हो सकी मामला तेंदूखेड़ा थाने तक पहुंचा , इसके बाद दोनों पक्ष उपस्थित पंचों के बीच बैठकर आपसी राजीनामा कर लिया है दोनो पक्षों को में कोई



लेनदेन देने लेने की बात नहीं है इस वास्ते हम दोनो पक्षों ने पंचो के बीच बैठकर आपसी राजानीमा बिना किसी दबाव के कर लिया है और न अब हम दोनो पक्षो के बीच लेने देने की कोई बात नहीं है और न हम दोनों पक्ष भविष्य में एक-दूसरे के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं करेंगे यदि कोई पक्ष बाद में कार्यवाही करता है तो उसके विरुद्ध कार्यवाही की जावेगी राजीनामा के बाद दूल्हे की बारात बेरिंग वापस लौट गई।

**इनका कहना है**

ग्राम महाभुआ कला की सरपंच लक्ष्मीबाई राय ने कहा कि जयमाला के दौरान असामाजिक तत्वों के द्वारा लड़ाई झगड़े के कारण मामला थाने तक पहुंचा था लेकिन बाद में राजीनामा हो जाने के बाद शादी कैंसिल हो गई है

थाना प्रभारी नितेश जैन का कहना है कि मामला थाने आया था मैं जबेरा में ड्यूटी पर हूं इस संबंध में प्रधान आरक्षक ही बता पाएंगे

## नाबार्ड की मुख्य महाप्रबंधक ने सिरोंज बुनकर सहकारी समिति एवं नॉन वाटर शेड पायलट परियोजना का दौरा किया

# परंपरा को नवाचार से सशक्त बनाने की दिशा में उठे कदम

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती सी. सरस्वती ने पुनर्निर्मित सिरोंज बुनकरों के कॉमन फैसिलिटी सेंटर (सीएफसी) का दौरा किया। इस पहल का उद्देश्य पारंपरिक आजीविकाओं को पुनर्जीवित करना और महिलाओं के नेतृत्व में ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देना है।

इस परियोजना को नाबार्ड द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है और इसे सेंटर फॉर इनोवेशन एंड डेवलपमेंट एक्शन (सीआईडीए) द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है। इसके माध्यम से 60 से अधिक स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिला सदस्यों जिनमें से कई अल्पसंख्यक और हाशिए पर मौजूद समुदायों से हैं को हथकरघा बुनाई के क्षेत्र में प्रशिक्षित किया गया है।

कार्यक्रम में सलिल जोकार्कर, सहायक महाप्रबंधक, नाबार्ड, श्रीमती जसप्रीत कौर, जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड, बीएस बघेल, एलडीएम, राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान , भोपाल से सुश्री अनुपम सक्सेना, राजदीप सिंह तथा सीडा एजेंसी से निदेशिका श्रीमती अनीता विश्वकर्मा उपस्थित थी। एनआईएफटी भविष्य में सहकारी समिति के साथ डिजाइन और ब्रांडिंग सहयोग के लिए प्रारंभिक बातचीत के तहत आए थे।





### कार्यक्रम की प्रमुख उपलब्धियां

**सिरोंज वीवर्स कलेक्शनश् का विमोचन** – श्रीमती सरस्वती ने संकलन-सह-कहानी पुस्तिका का विमोचन किया, जिसमें महिला बुनकरों की कहानियां और निर्मित उत्पादों जैसे कि कॉटन दरियाँ और घरेलू व व्यावसायिक उपयोग के वस्त्रों को प्रदर्शित किया गया है।

**ओएनडीसी के माध्यम से डिजिटल बाजार पहुंच का शुभारंभ** – श्रीमती सरस्वती ने सरकारी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ओएनडीसी पर बुनकर सहकारी समिति के उत्पादों की ऑनबोर्डिंग का औपचारिक शुभारंभ किया गया। जिससे महिला बुनकरों को सीधा ग्राहक से जुड़ने का अवसर मिलेगा और मध्यस्थों की भूमिका सीमित होगी।

**हस्तशिल्प पोर्टल पर पहचान पत्र हेतु पंजीकरण की शुरुआत** – उन्होंने भारत सरकार के हस्तशिल्प पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया का आरंभ किया, जिससे बुनकरों को ष्पहचान पत्रष् मिलेगा। यह दस्तावेज उन्हें सरकारी योजनाओं, ऋण, बीमा और कौशल विकास कार्यक्रमों से जोड़ने में सहायक होगा।

**महिला बुनकरों के अनुभव साझा** – कई महिला बुनकरों ने अपने अनुभव सांझा करते हुए बताया कि कैसे सहकारी समिति ने उनकी आजीविका को पुनर्जीवित किया, उन्हें राज्य स्तरीय प्रदर्शनियों में भाग लेने का अवसर मिला, और कैसे उन्हें अब पहचान और आत्मनिर्भरता का अनुभव हो रहा है। उन्होंने नाबार्ड को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह सहयोग उनके जीवन में बड़ा बदलाव लेकर आया है।

**विस्तार प्रस्ताव की स्वीकृति हेतु आग्रह** – इस अवसर पर सीआईडीए और सहकारी समिति ने नाबार्ड से पहले से प्रस्तुत विस्तार प्रस्ताव को स्वीकृति देने का अनुरोध किया, जिसमें उत्पादन क्षमता बढ़ाने, उत्पादों में विविधता लाने और विपणन प्रणाली को मजबूत करने के लिए वित्तीय एवं तकनीकी सहायता की मांग की गई है। श्रीमती सरस्वती ने इस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और नाबार्ड के निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया।

साथ ही दूसरा दौरा नाबार्ड की नॉन वाटर शेड पायलट परियोजना के दो चयनित गावों छापु एवं तरवरिया में किया गया। इस दौरे में नाबार्ड मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती सी. सरस्वती, सलिल जोकार्कर, सहायक महाप्रबंधक , नाबार्ड, श्रीमती जगप्रीत कौर, जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड, बीएस बघेल, एलडीएम विनय सिंह ,आरएम स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, मनोज सोमानी, आरएम एमपीजीबी, चैरसिया, डीपीएम एसआरएलएम, सुशील कुमार, लूपिन फाउंडेशन एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। इस परियोजना में क्रियान्वयन एजेंसी के रूप में लूपिन फाउंडेशन कार्य कर रही है। इस परियोजना में नाबार्ड के अनुदान स्वरूप समन्वित कृषि प्रणाली गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इन गतिविधियों में डेयरी, पशुपालन, बकरी पालन, उद्यानकी में ड्रिप एवं मल्चिंग, मंडप सब्जी की खेती, वर्मी कंपोस्ट, फार्म पौंड, मछली पालन, गाय भैंस, पालन, इत्यादि अनेक गतिविधियां। सम्मिलित हैं। नाबार्ड द्वारा बनाए गए तरवाली किसान उत्पादक संगठन को आज रुपए 18.66 लाख की वित्त सहायता कस्टम हायरिंग हेतु मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक द्वारा स्वीकृत की गई। साथ ही एसबीआई द्वारा 55 लाख रु. का वित्त किसानों को स्वीकृत किया गया। किसान लोन द्वारा बनाई गई डेयरी का उट्घाटन किया गया। इस डेयरी से आस-पास के तीन गाँव लाभान्वित होंगे।

## जिले में 319433 लोगों की टीबी जांच की गई, 644 मरीज पॉजिटिव मिले

**सिरोंज।** प्रधानमंत्री टी बी मुक्त भारत योजना अंतर्गत राज्य स्तरीय दिशा निर्देशानुसार जिले में सात दिसंबर 2024 से 24 मार्च 2025 तक सौ दिवसीय निश्चय शिविर अभियान चलाया गया जिसमें टीबी के संभावित मरीजों को चिन्हित कर उनकी जांच कर टीबी की बीमारी के खतरे, लक्षण एवं बचाव के तरीके बताना, टीबी पॉजिटिव पाए जाने पर उनका उचित नि:शुल्क उपचार करना शामिल रहा। राज्य स्तर से जिले को टीबी मरीजों की जांच हेतु विकासखंड वार लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसमें विकासखंड बासौदा में 49976, ग्यारसपुर 19817, कुरवाई 31333, लटेरी 41839, नटेरन 49048, सिरोंज 36444, विदिशा 75098 इस प्रकार कुल जिले का लक्ष्य 303555 प्राप्त हुआ था। सभी विकास खंडों में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन में जिला क्षय अधिकारी के समन्वय से समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारियों द्वारा अपने-अपने ब्लॉक में माइक्रो प्लान बनाकर अभियान चलाया गया और लक्ष्य के विरुद्ध जो जांच की गई उनमें विकासखंड बासौदा में 50188, ग्यारसपुर 19837, कुरवाई 30995, लटेरी 42576, नटेरन 50912, सिरोंज 38626, विदिशा 86299 इस प्रकार कुल 319433 है, जो कि लक्ष्य के विरुद्ध 105 प्रतिशत जांच की गई हैं। संभावित मरीजों में जो मरीज पॉजिटिव पाए गए उनमें ब्लॉक बासौदा में 143, ग्यारसपुर 46, कुरवाई 79, लटेरी 63, नटेरन 73, सिरोंज 77, विदिशा 163 इस प्रकार जिले में अभियान के दौरान जिले में कुल 644 मरीज पॉजिटिव पाए गए। जिनका निशुल्क उपचार किया जा रहा है। ब्लॉकवार जिन मरीजों को फूड बास्केट उपलब्ध कराई गई हैं उनमें बासौदा में 139, ग्यारसपुर 40, कुरवाई 75, लटेरी 57, नटेरन 70, सिरोंज 73 और विदिशा में 156 मरीजों को इस प्रकार जिले में कुल 610 मरीजों को पौष्टिक आहार से भरपूर फूड बास्केट उपलब्ध कराई गई है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा सभी खंड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि पॉजिटिव सभी मरीजों की सतत निगरानी करते हुए निरंतर प्रोटोकॉल अनुसार संपूर्ण इलाज कराया जाए ताकि जिले को टीबी मुक्त कराया जा सके एवं टीबी मुक्त भारत अभियान सफल हो सके।

## हॉस्पिटल सील करने की कार्यवाही

**सिरोंज।** हेल्प एंड केयर मल्टी हॉस्पिटल लिंक रोड सिरोंज की जांच की गई वहां स्थापित एक्स-रे यूनिट में टेक्नीशियन पात्रतानुसार नहीं मिलने के कारण सील किया गया साथ ही हॉस्पिटल में सीटी स्कैन मशीन भी स्थापित थी किसके संबंध में संचालक कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका इसलिए सील किया गया। कार्यवाही टीम में स्वास्थ्य विभाग से डॉ विकास कुमार सिंह बीएमओ सिरोंज और राजस्व विभाग से नायब तहसीलदार श्री ललित सक्सेना भी मौजूद रहे ।



## जिले में 51485.92 मेट्रिक टन चना, मसूर, सरसो की समर्थन मूल्य पर खरीदी

**सिरोंज।** समर्थन मूल्य पर जिले में चना, मसूर, सरसो की खरीदी कार्य जारी है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक एवं उपार्जन कार्यो के नोडल अधिकारी श्री केएस खपडिया ने बताया कि विदिशा जिले में चना, मसूर, सरसो के लिए 50516 किसानो के द्वारा पंजीयन कराया गया है जिसमें से अब तक 20629 किसानो के द्वारा 51485.92 मेट्रिक टन की बिक्री की गई है। समर्थन मूल्य पर जिले में चना के लिए 23724 किसानो के द्वारा पंजीयन कराया गया है जिसमें से 2885 किसानो के द्वारा 8468.55 मेट्रिक टन की ब्रिकी की गई है। मसूर के लिए 23439 किसानो के द्वारा पंजीयन कराया गया है अब तक 17173 किसानो के द्वारा 41475.22 मेट्रिक टन मसूर की बिक्री की गई है जबकि सरसो फसल की बिक्री के लिए 3353 किसानो के द्वारा पंजीयन कराया गया है वहीं अब तक 571 किसानो के द्वारा 1542.15 मेट्रिक टन सरसो की बिक्री समर्थन मूल्य पर की गई है। जिले में समर्थन मूल्य पर खरीदी मात्रा के विरूद्ध किसानो को भुगतान देय राशि के संबंध में नोडल अधिकारी के द्वारा बताया गया कि कुल 334.89 करोड का भुगतान किया जाना है जिसमें से अब तक 17877 किसानो को 306.20 करोड़ के ईपीओ पोर्टल पर अपलोड किए गए है जिसमें से 17223 किसानो को 289.22 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है।

## रोजगार की पढ़ाई करने इच्छुक आवेदक आईटीआई में 31 मई तक पंजीयन एवं चॉइस फिलिंग करें

**सिरोंज।** आईटीआई विदिशा में प्रथम चरण में प्रवेश हेतु इच्छुक आवेदक पंजीयन एवं चॉइस फिलिंग 31 मई 2025 तक विभाग के पोर्टल https://dsd.mp.gov.in/ पर जाकर प्रवेश रजिस्ट्रेशन 2025 लिंक पर अथवा https://mpiticounseling.co.in/ लिंक पर कर सकते हैं। आईटीआई प्राचार्य एपी श्रीवास्तव ने बताया कि आवेदकों की शंकाओं को दूर करने एवं मार्गदर्शन हेतु आईटीआई विदिशा में हेलपडेस्क की स्थापना की गई है, जिस पर आवेदक संपर्क कर अपनी समस्याओं का निराकरण कर सकते हैं। आवेदक संस्था एवं ट्रेड के विषय में अधिक जानकारी ले सकते हैं। जिले की कुल सात शासकीय आईटीआई (विदिशा, गंजबासोदा, सिरोंज, लटेरी, ग्यारसपुर, नटेरन, कुरवाई) में 13 ट्रेड (कारपेंटर, कंप्युटर ऑपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग असिस्टन्ट, टर्नर, सोलर टेकनीशियन, फिटर, इलेक्ट्रिशियन, इलेक्ट्रानिक्स मेकेनिक, मेकेनिक मोटर व्हीकल, मेकेनिक डीजल, मेकेनिक ट्रैक्टर, स्टेनो हिन्दी एवं वेल्डर, सूइंग टेक्नॉलजी) संचालित हैं।

# गंजबासौदा के 5 सेक्टरों की 70 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया एक दिवसीय प्रशिक्षण

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गंज बासौदा के 5 सेक्टरों की 70 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। विदिशा से आए प्रशिक्षक श्री अरविंद मिश्रा ने जेंडर, बाल संरक्षण, जीवन कौशल विकास शिक्षा, वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता, रोजगारोन्मुखी व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम के महत्व एवं इसकी उपलब्धता आदि विषयों पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया।



असल में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जिले के दो विकासखंडों क्रमशः गंज बासौदा और नटेरन के ग्रामीण अंचलों के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को योजनानुसार तिमाही प्रशिक्षित किया जाता है, ताकि वे अपने गांव अथवा पंचायत में किशोरी बालिकाओं को क्रमवार प्रशिक्षित कर सकें। साथ ही सुदूर ग्रामीण अंचलों में ऐसी किशोरी बालिकाएं जो व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम (आईटीआई) में पढ़ना तो चाहती हैं लेकिन जानकारी के अभाव में एडमिशन नहीं ले पाती हैं। इसी तारतम्य में कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है ताकि वे किशोरी बालिकाओं को व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम में कैसे एडमिशन हो, कौन-कौन से कोर्सेज उपलब्ध हैं की जानकारी उपलब्ध करा सकें जिससे किशोरियां आगे आकर इसका लाभ उठा सकें। तदानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला अधिकारी भरत सिंह राजपूत ने शासकीय आईटीआई कॉलेज से समन्वय कर विकासखंडवार परियोजना अधिकारियों को इस प्रयास को आगे बढ़ाने के लिए निर्देशित किया है। उक्त प्रशिक्षण में गंज बासौदा परियोजना अधिकारी ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह एवं विभाग के संतोष रघुवंशी मौजूद रहे।

# कलेक्टर गुप्ता ने बंगला घाट प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अंशुल गुप्ता ने विदिशा एसडीएम के पालन प्रतिवेदन पर बेतवा नदी के बंगला घाट एवं उसके आस-पास की सौ मीटर क्षेत्र को मत्स्याखेट भ्रमण स्नान तथा तैरने हेतु प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित करने का आदेश जारी कर दिया है।

जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी आदेश में उल्लेख है कि विदिशा अनुविभागीय दंडाधिकारी के प्रस्ताव अनुसार बंगला घाट को प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित करने हेतु जो तथ्यात्मक बिन्दुओं का उल्लेख किया गया है तदानुसार सोशल मीडिया, फेसबुक, इस्ट्रांग्राम पोस्टो से ज्ञात हुआ है कि बंगला घाट बेतवा नदी पर अत्यधिक संख्या में आमजन एवं बच्चे नहाने पहुंच रहे है जबकि बंगला घाट पर बेतवा नदी में अत्यधिक गहराई होने के साथ-साथ घाट के समीप खतरनाक जानवरो की उपस्थिति की सूचनाएं भी कई बार प्राप्त हुई है। आमजनो एवं बच्चो का नहाना किसी भी खतरे से कम नहीं हैं क्षेत्र में किसी भी प्रकार अप्रिय दुर्घटना घटित ना हो सुरक्षा को दृष्टिकोण रखते हुए बंगला घाट बेतवा नदी क्षेत्र को प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है। यह आदेश 2 माह तक प्रभावशील रहेगा। कलेक्टर के आदेश में उल्लेख है कि विदिशा नगरपालिका के द्वारा बंगला घाट बेतवा नदी पर प्रतिबंधित क्षेत्र संबंधी सूचना बोर्ड लगवाए जाने की कार्यवाही शीघ्र संपादित की जाए। जिला सैनानी होमगार्ड को बंगला घाट बेतवा नदी पर सैनिको की ड्यूटी सुरक्षा दृष्टिकोण से लगाया जाना सुनिश्चित हो ततसंबंध में जारी आदेश की प्रति जिला कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।

**मेट्रो एंकर** विदिशा में सागर बायपास रोड और स्वामी विवेकानंद चैराहा पर वाहनों की चेकिंग कार्यवाही की

# नियम विरुद्ध चलते पाए जाने पर 18 वाहनों से शमन शुल्क 61100 रुपए वसूल

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता के द्वारा यात्री वाहनों तथा स्कूल वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाए जाने के लिए दिए गए निर्देशों के अनुपालन में आज बुधवार को जिला परिवहन अधिकारी श्री गिरजेश वर्मा द्वारा विदिशा के बस स्टेंड, स्वामी विवेकानंद चैराहा एवं सागर बायपास रोड पर वाहनों की चेकिंग कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में यातायात पुलिस का भी सहयोग लिया गया।





जिला परिवहन अधिकारी गिरजेश वर्मा ने बताया कि उक्त कार्यवाही के दौरान 18 वाहन नियम विरुद्ध चलते पाए जाने के कारण उनके विरुद्ध चालानी कार्यवाही की जाकर उनमें से 18 वाहनों से शमन शुल्क 61100 रुपये वसूल किया गया है तथा शेष 03 वाहन प्रकरण निराकरण की प्रत्याशा में जप्त कर जिला परिवहन कार्यालय परिसर में सुरक्षार्थ रखे गए हैं।

उक्त कार्रवाई के दौरान विशेष रूप से यात्री वाहनों में पात्रता से अधिक सवारियों का परिवहन किया जाना तथा वाहनों के वैद्य प्रपत्र जांच किए जाने की कार्रवाई की गई। स्कूल बसों की जांच, कमियां पाए जाने पर सुधार के निर्देश - इसके अतिरिक्त मगधम इंटरनेशनल स्कूल एवं स्प्रिंग फील्ड स्कूल में पहुंचकर उनके परिसर में खड़ी स्कूल बसों की भी जांच की गई। मगधम स्कूल के 06 वाहनों, स्प्रिंग फील्ड स्कूल के 23 वाहनों एवं विदिशा इंटरनेशनल स्कूल के 07 वाहनों की जांच की गई। जिसमें से विदिशा इंटरनेशनल स्कूल के वाहनों में पाई गई कमियों को अतिशीघ्र सुधार करने के निर्देश दिए गए हैं। यात्री वाहन चेकिंग की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## क्या जसप्रीत बुमराह टेस्ट के बेस्ट कैप्टन साबित होंगे

# विराट कोहली वाले तेवर, रोहित शर्मा वाला स्वैग, विपक्षी टीम खाती है खौफ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

जसप्रीत बुमराह और शुभमन गिल भारत की टेस्ट कप्तानी की रेस में सबसे आगे हैं। बुमराह भारत की कप्तानी कर चुके हैं। इसके अलावा कई और वजहें भी हैं, जो इस बात की ओर इशारा कर रही हैं कि रोहित के विकल्प के तौर पर उनसे बेहतर कोई नहीं है। रोहित शर्मा की रवानगी के बाद नया दौर शुरू हो होने को है। टेस्ट में भारत को नया कप्तान मिलेगा और रेस में जसप्रीत बुमराह भी हैं। महान सुनील गावस्कर, रविचंद्रन अश्विन और संजय मांजरेकर तो खुलकर बूम-बूम के लिए बैटिंग भी कर रहे हैं। दुनिया के सबसे कातिल गेंदबाजों में शामिल बुमराह अगर कप्तान बनते हैं तो इसमें कोई शक नहीं कि वह बेहतरीन लीडर साबित होंगे।

**मैदान पर परफॉर्मेंस सबसे बड़ी वजह–** जसप्रीत बुमराह ऐसे गेंदबाज हैं, जो मैदान पर उतरने के बाद कम ही मौके ऐसे होते हैं, जहां असफल हों। गेंदबाज के रूप में भारतीय पिचों पर तो वह मैच विनर हैं ही, लेकिन जब विदेश जाते हैं खासकर ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड तो उनकी मारक क्षमता और भी बढ़ जाती है। भारत के पास अधिकतर समय बल्लेबाज ही कप्तान हैं, जो बल्लेबाज की तरह सोचते हैं। अगर गेंदबाज को कप्तान बनाया जाए तो वह इन मैदानों पर गेंदबाज के रूप में सोच सकता है, जो फिलहाल टीम इंडिया में मिसिंग है।

### विपक्षी टीम खौफ खाती है

बुमराह के हाथ में गेंद हो और विपक्षी टीम खौफ में न हो, ऐसा हो ही नहीं सकता है। उनका यूनिक बॉलिंग एक्शन और पंजातोड़ यॉर्कर किसी भी बल्लेबाज की बत्ती गुल करने में सक्षम है। यही वजह है कि भारतीय टीम को तेज गेंदबाजी के मामले में अब बेहतर माना जाने लगा है।

### जसप्रीत खुद को साबित कर चुके हैं

ऑस्ट्रेलिया में ड्रॉ खेलना किसी भी कप्तान के लिए गर्व की बात होती है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया को टेस्ट में हरा देने वाला कप्तान बेस्ट की कैटेगरी में आता है। बुमराह ने पिछले दौरे पर मिली एक जीत में कप्तानी की थी। पर्थ में उन्होंने कमाल नहीं किया होता तो भारत को क्लीन स्वीप झेलनी पड़ती।




### टीम मैनेजमेंट और प्लेयर्स से अच्छे संबंध

जसप्रीत बुमराह कूल हैं। उन्हें पता होता है कि कहां कितना बोलना है या किससे कितनी बात करनी है। इसमें कोई शक नहीं कि उनके पास रोहित शर्मा की तरह वन लाइनर्स नहीं हैं, लेकिन इसके बावजूद प्लेयर्स और टीम मैनेजमेंट के बीच उनकी साख बहुत अच्छी है। जसप्रीत बुमराह कूल हैं। उन्हें पता होता है कि कहां कितना बोलना है या किससे कितनी बात करनी है। इसमें कोई शक नहीं कि उनके पास रोहित शर्मा की तरह वन लाइनर्स नहीं हैं, लेकिन इसके बावजूद प्लेयर्स और टीम मैनेजमेंट के बीच उनकी साख बहुत अच्छी है।

### टीम के पोस्टर बॉय, मैच विनर गेंदबाज

डेब्यू के बाद से ही जसप्रीत बुमराह क्रिकेट की दुनिया में छाए हुए हैं। विराट कोहली, रोहित शर्मा जैसे बैटिंग डोमिनेटेड समय में भी उनका क्रेज सबसे ऊपर है। वह मैच विनिंग गेंदबाज हैं और यही बात उन्हें विराट कोहली और रोहित शर्मा जितना मशहूर बनाती है।

## आईपीएल-2025: नए शेड्यूल ने रोमांचक बनाई लीग

# आखिरी 2 दिन तय करेंगे प्लेऑफ पोजिशन, एक भी मैच हारी तो कोलकाता-लखनऊ बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**बीसीसीआई ने 12 मई को आईपीएल का नया शेड्यूल रिलीज किया। लीग स्टेज के 13 ही मैच बचे हैं। 3 टीमें प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी हैं, जबकि 7 टीमों में टॉप-4 की जंग हैं। नए शेड्यूल ने टूनार्मेंट को और भी रोमांचक बना दिया। आखिरी 2 दिनों में लखनऊ, मुंबई, पंजाब और बेंगलुरु के मैच हैं। चारों ही टीमें प्लेऑफ की रेस में हैं और आखिरी मुकाबलों के नतीजों से टॉप-2 स्पॉट भी तय होंगे।**



## सभी टीमों के प्लेऑफ सिनैरियो

1. **गुजरात टाइटंस: 1 जीत और चाहिए–** गुजरात 11 मैचों में 8 जीत से 16 पॉइंट्स लेकर पहले नंबर पर है। टीम के 3 मैच दिल्ली, लखनऊ और चेन्नई से बचे हैं। टाइटंस इनमें से एक भी मैच जीतकर प्लेऑफ में पहुंच जाएगी। हालांकि, टीम को टॉप-2 में फिनिश करना है तो कम से कम 2 मैच जीतने होंगे। तीनों मैच जीतकर टॉप-2 में अपनी पोजिशन कन्फर्म कर लेगी।
2. **रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु: 1 जीत और चाहिए–** बेंगलुरु के भी 11 में से 8 जीत से 16 पॉइंट्स हैं, लेकिन गुजरात से खराब रन रेट के कारण टीम दूसरे नंबर पर है। आरसीबी को भी प्लेऑफ में पहुंचने के लिए 3 में से 1 ही जीत चाहिए। टीम को कोलकाता, हैदराबाद और लखनऊ से भिड़ना है। टॉप-2 में फिनिश करना है तो आरसीबी को भी बचे हुए तीनों मैच जीतने होंगे।
3. **पंजाब किंग्स: 2 जीत और चाहिए–** पंजाब के 11 मैचों में 7 जीत और एक बेनतीजा मैच से 15 पॉइंट्स हैं। टीम को राजस्थान, दिल्ली और मुंबई से भिड़ना है। पीबीकेएस को प्लेऑफ में जगह कन्फर्म करने के लिए 3 में से 2 मैच जीतने होंगे। 17 पॉइंट्स के साथ अगर टीम को क्वालिफाई करना है तो दिल्ली को हराना ही होगा। पंजाब ने अगर कैपिटल्स को हरा दिया तो दिल्ली या मुंबई में से कोई एक टीम ही प्लेऑफ में पहुंच पाएगी, क्योंकि दोनों को आपस में भी भिड़ना है। पंजाब को टॉप-2 में फिनिश करने के लिए तीनों मैच जीतने होंगे, साथ ही गुजरात या बेंगलुरु के 1 मैच में हारने की दुआ करनी होगी।
4. **मुंबई इंडियंस: दोनों मैच जीतने होंगे–** मुंबई इंडियंस ने शुरूआती 5 में से 1 ही मैच जीता था, लेकिन टीम ने आखिरी 7 में से 6 मैच जीतकर प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद बना ली। एमआई12 में से 7 मैच जीतकर 14 पॉइंट्स लेकर चौथे नंबर पर है। 5 बार की चैंपियन टीम को प्लेऑफ में जगह बनानी है, तो दिल्ली और पंजाब के खिलाफ बचे हुए दोनों मैच जीतने होंगे। एमआई एक भी मैच हार गई तो प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को दूसरी टीमों के भरोसे छोड़ देगी।
5. **दिल्ली कैपिटल्स: तीनों मैच जीतने होंगे–** दिल्ली ने टूनार्मेंट की शुरूआत लगातार 5 मैच जीतकर की, लेकिन टीम ने पिछले 6 में से 4 मुकाबले गंवा दिए। कैपिटल्स 6 जीत और 1 बेनतीजा मैच से 13 पॉइंट्स लेकर पांचवें नंबर पर है। डीसी के 3 मैच गुजरात, मुंबई और पंजाब से हैं, तीनों टॉप-4 में है। यहां से अगर कैपिटल्स को क्वालिफाई करना है तो तीनों मैच जीतने ही होंगे। टीम ने अगर मुंबई और पंजाब को हरा दिया तो 2 जीत से भी प्लेऑफ में जगह मिल जाएगी।
6. **कोलकाता नाइट राइडर्स: दूसरों के भरोसे–** डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता को 12 मैचों में महज 5 जीत मिली, टीम का 1 मैच बेनतीजा भी रहा, इनसे 11 पॉइंट्स लेकर कोलकाता छठे नंबर पर है। ङ्कङ्घ के 2 मैच बेंगलुरु और हैदराबाद से हैं। टीम एक भी मैच हारी तो प्लेऑफ से बाहर हो जाएगी। 2 मैच जीतने के बाद भी ङ्कङ्घ को प्लेऑफ में पहुंचना है तो पंजाब, मुंबई और दिल्ली के सभी मैच में हारने की दुआ करनी होगी।

### प्लेऑफ से बाहर 3 टीमें, बिगाड़ सकती हैं बाकियों का खेल

सनराइजर्स हैदराबाद, राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स प्लेऑफ स्टेज से बाहर हो चुकी हैं। तीनों टीमें अब टॉप-7 टीमों का गणित बिगाड़ सकती हैं। आरआर और सीएसके को आपस में भी एक मैच खेलना है, लेकिन इससे किसी को भी कोई नुकसान या फायदा नहीं होगा। वहीं अगर तीनों टीमों ने टॉप-7 पोजिशन पर मौजूद एक भी टीम को हरा दिया तो उनके प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को झटका लग सकता है।

### आखिरी 2 दिन में तय होंगी प्लेऑफ पोजिशन

आईपीएल के नए शेड्यूल ने प्लेऑफ क्वालिफिकेशन को और भी ज्यादा रोमांचक बना दिया है, क्योंकि आखिरी 2 दिनों में पंजाब को मुंबई और लखनऊ को बेंगुलरु से भिड़ना है। चारों ही टीमें प्लेऑफ की रेस में हैं और इन मुकाबलों के नतीजों से पॉइंट्स टेबल की टॉप-2 पोजिशन भी तय होंगी। पंजाब अगर हारी तो टीम टॉप-2 से बाहर हो सकती है। वहीं मुंबई हारी तो प्लेऑफ से ही बाहर हो सकती है। दूसरी ओर लखनऊ एलिमिनेट होने से महज एक हार दूर है। वहीं फउइ अगर हारी तो टॉप-2 पोजिशन से नीचे आ सकती है।



# पहलगाम हमला: पाकिस्तान का राजगीर में एशिया कप हॉकी खेलना मुश्किल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

हॉकी इंडिया सरकार के परामर्श का इंतजार कर रहा है लेकिन पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच इस साल हीरो एशिया कप हॉकी में पाकिस्तान का भाग लेना मुश्किल लग रहा है। एशिया कप बिहार के राजगीर में 27 अगस्त से सात सितंबर के बीच खेला जायेगा । मेजबान भारत, पाकिस्तान, जापान, कोरिया, चीन, मलेशिया, ओमान और चीनी ताइपे को इसमें भाग लेना है। यह अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप का क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी है।

हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा, अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगा लेकिन हम सरकार के दिशा निर्देशों का पालन करेंगे जैसा पहले भी होता आया है। अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। पहलगाम में क्रूर आतंकवादी हमले और आपरेशन सिंदूर के बाद अभी कुछ कहना मुश्किल है। अभी टूर्नामेंट में तीन महीने का समय है लेकिन हम सरकार की सलाह का पालन करेंगे। इसमें कोई दोराय नहीं है।

### सरकार की मंजूरी का हो रहा इंतजार

महासंघ के एक सूत्र ने कहा, अगर सरकार मंजूरी नहीं देती है तो पाकिस्तानी टीम यहां नहीं आएगी। यह सब सरकार के उस समय के रूख पर निर्भर करता है। अगर पाकिस्तान को भारत आने की मंजूरी नहीं मिलती है तो टूर्नामेंट सात टीमों के साथ होगा या एक नयी टीम को बुलाया जाएगा। यह फैसला एशियाई हॉकी महासंघ लेगा। एक अधिकारी ने बताया, अभी यह कहना मुश्किल है कि नई टीम कौन सी होगी या यह सात टीमों के साथ ही होगा। एशियाई हॉकी महासंघ इस पर फैसला लेगा। पाकिस्तान हॉकी टीम ने पिछली बार लखनऊ में 2016 जूनियर विश्व कप नहीं खेला था जो पठानकोट आतंकवादी हमले के कुछ महीने बाद ही हुआ था। उसकी जगह मलेशिया को शामिल किया गया था। मौजूदा हालात में पाकिस्तान का 28 नवंबर से दस दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में होने वाले जूनियर विश्व कप में

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**



## फिर सिनेमाघरों की तरफ चली 'भूल चूक माफ', मैडॉक और पीवीआर का मामला सुलटा

त ये एक दिलचस्प खबर ये आ रही है कि फिल्म निर्माण कंपनी मैडॉक फिल्म्स और फिल्म वितरण कंपनी पीवीआर आईनॉक्स के बीच अदालत तक जा पहुंचे विवाद का फैसला हो गया है। फिल्म 'भूल चूक माफ' को सिनेमाघरों के बजाय सीधे ओटीटी पर रिलीज करने के मैडॉक फिल्म्स के फैसले के खिलाफ पीवीआर आइनॉक्स अदालत चली गई थी और उसने मैडॉक फिल्म्स से 60 करोड़ रुपये जुर्माना भी मांगा था। अब जानकारी के मुताबिक फिल्म को सिनेमाघरों में ही इसी महीने रिलीज कर दिया जाएगा। राजकुमार राव और वामिका गब्बी स्टारर फिल्म 'भूल चूक माफ' इस महीने 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होनी थी, लेकिन फिल्म के मुंबई और दिल्ली में 8 मई को प्रस्तावित शोज से पहले ही इसकी निर्माता कंपनी ने फिल्म को सिनेमाघरों की बजाय सीधे प्राइम वीडियो पर रिलीज करने का ऐलान कर दिया। ऐलान के मुताबिक ये फिल्म 16 मई को ओटीटी पर रिलीज होनी थी, लेकिन इस फैसले के खिलाफ पीवीआर आईनॉक्स ने मैडॉक पर मुकदमा ठोक दिया। मुकदमे की सुनवाई के दौरान अदालत ने फिल्म 'भूल चूक माफ' को अगले आदेश तक ओटीटी पर दिखाए जाने पर रोक लगा दी थी। अब जानकारी मिली है कि इस मामले में पीवीआर आईनॉक्स ने 60 करोड़ रुपये हर्जाने की अपनी मांग वापस ले ली है।

# रीमेक है सितारे जमीन पर, ट्रेलर का हर एक सीन है स्पैनिश फिल्म की कॉपी, फैन्स ने शेयर किए 'प्रूफ'

बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान की मचअवेटेड फिल्म सितारे जमीन पर का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में आमिर दिव्यांग खिलाड़ियों की बास्केटबॉल टीम के कोच के रूप में दिखाई दे रहे हैं। ट्रेलर में जबरदस्त कॉमेडी के साथ ही इमोशनल तड़का भी देखने को मिल रहा है। वहीं सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर लोगों के मिले-जुले रिएक्शन देखने को मिल रहे हैं। कुछ लोग जहां इसे आमिर की कमबैक फिल्म बता रहे हैं तो वहीं लोगों ने इसे रीमेक कहकर ट्रोलिंग भी शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक सितारे जमीन पर पिछले साल 2024 में रिलीज होनी थी लेकिन कुछ कारणों के चलते ये पोस्टपोन हो गई थी। फिल्म लाल सिंह चड्ढा के सुपर फ्लॉप होने के बाद आमिर इस फिल्म से कमबैक कर रहे हैं। ट्रेलर ने लोगों के बीच एक्साइटमेंट तो बढ़ा दी है लेकिन रीमेक वाली बात आमिर के लिए परेशानी बन सकती है।



**क्या रीमेक है आमिर की सितारे जमीन पर?–** बहुत कम लोग इस बात को जानते हैं कि आमिर खान की फिल्म सितारे जमीन पर जेवियर फेसर की 2018 में आई स्पैनिश फिल्म कैंपियोन्स की ऑफिशयल रीमेक है। इस फिल्म को इंग्लिश में साल 2023 में चैंपियंस के नाम से रिलीज किया गया था। फिल्म के एक्टर वुडी हैरेलसन थे। अब सितारे जमीन पर का ट्रेलर आने के बाद कई सोशल मीडिया यूजर्स ने दोनों ही फिल्मों का फ्रेम-बाय-फ्रेम कंपेरिजन तक कर दिया। जो अब वायरल हो रहा है।

### सोशल मीडिया पर हुई ट्रोलिंग

दरअसल सोशल मीडिया यूजर्स ने चैंपियन और सितारे जमीन पर के कुछ सीन को शेयर किया है। जिसमें दिखाया गया हर सीन आमिर की फिल्म से मेल खा रहा है। फिर में आमिर का शराब पीकर गाड़ी चलाना हो या कोर्ट रूम में जज के साथ बहस हो या फिर दिव्यांग खिलाड़ियों का बास्केटबॉल खेलना। इसे ही लेकर अब सोशल मीडिया पर आमिर खान की ट्रोलिंग हो रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर एक यूजर ने हॉलीवुड फिल्म चैंपियन का वीडियो अपलोड़ कर लिखा कि सितारे जमीन पर का ट्रेलर खराब था और हर सीन ओरिजनल फिल्म चैम्पियंस ट्रेलर की नकल लग रहा था। वहीं एक यूजर ने लिखा कि मैं सितारे जमीन पर के अच्छे प्रदर्शन की कामना कर रहा हूं (रीमेक होने के बावजूद)। इसका कारण यह है कि बड़े अभिनेताओं को अच्छे कंटेंट वाले छोटे प्रोजेक्ट पर काम करना सामान्य बात है।



**मेट्रो बाजार**

# अप्रैल में थोक-महंगाई 13 महीने के निचले स्तर 0.85 फीसदी पर

**नई दिल्ली।** खाद्य वस्तुओं, विनिर्मित उत्पादों और ईंधन की कीमतों में कमी आने से थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल में घटकर 0.85 प्रतिशत रह गई। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति मार्च में 2.05 प्रतिशत और अप्रैल, 2024 में 1.19 प्रतिशत रही थी। अप्रैल में दर्ज 0.85 प्रतिशत थोक मूल्य सूचकांक की दर मार्च, 2024 के बाद से सबसे कम है। उस समय यह 0.26 प्रतिशत के स्तर पर थी।

उद्योग मंत्रालय ने बयान में कहा, ...मुख्य तौर पर खाद्य उत्पादों, विनिर्माण, रसायनों व रासायनिक उत्पादों, अन्य परिवहन उपकरणों के



विनिर्माण व मशीनरी तथा उपकरणों के विनिर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही।'' थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य, ईंधन तथा बिजली के साथ-साथ विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में कमी से इसमें नरमी आई। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में अप्रैल में 0.86 प्रतिशत की गिरावट आई। मार्च में खाद्य उत्पादों की मुद्रास्फीति 1.57 प्रतिशत थी। अप्रैल में सब्जियों की मुद्रास्फीति दर 18.26 प्रतिशत रही जबकि मार्च में यह 15.88 प्रतिशत रही थी। प्याज की मुद्रास्फीति घटकर 0.20 प्रतिशत हो गई जो मार्च में 26.65 प्रतिशत थी।

फलों की मुद्रास्फीति घटकर 8.38 प्रतिशत पर आ गई, जो पिछले महीने 20.78 प्रतिशत पर थी। आलू और दालों कीमतों में भी क्रमश? 24.30 प्रतिशत और 5.57 प्रतिशत की कमी आई। बार्कलेज ने एक शोध पत्र में कहा, अनुकूल आधार प्रभाव आने वाले महीनों में थोक मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति को कम रखेगा।

# केन्द्र सरकार ने एचसीएल-फॉक्सकॉन सेमीकंडक्टर संयुक्त उद्यम को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने को एचसीएल-फॉक्सकॉन सेमीकंडक्टर संयुक्त उद्यम को मंजूरी दे दी। यह संयुक्त उद्यम उत्तर प्रदेश के जेवर में 3,706 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश से वेफर्स बनाने का कारखाना लगाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिये गये निर्णय की जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रस्तावित एचसीएल-फॉक्सकॉन सेमीकंडक्टर संयंत्र मोबाइल फोन, लैपटॉप, वाहन और अन्य उपकरणों के लिए डिस्प्ले ड्राइवर चिप बनाएगा। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि प्रस्तावित कारखाना प्रति माह 20,000 वेफर्स (सेमीकंडक्टर सामग्री सिलिकन की पतली परत) तैयार करेगा। इससे लगभग 2,000 नौकरियां सृजित होंगी। वैष्णव ने कहा, मंत्रिमंडल ने उत्तर प्रदेश के जेवर में स्थापित होने वाले छठे



सेमीकंडक्टर संयंत्र को मंजूरी दे दी है। यह एचसीएल और फॉक्सकॉन के बीच डिस्प्ले ड्राइवर चिप बनाने का संयुक्त उद्यम है। ये चिप स्क्रीन पर प्रर्दिशत सामग्री की गुणवत्ता और प्रारूप को नियंत्रित करते हैं। यह एक बहुत ही उन्नत प्रौद्योगिकी है जिसे स्थापित किया जा रहा है। फॉक्सकॉन इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की सबसे बड़ी विनिर्माता है। यह एप्पल का आईफोन भी बनाती है। वैष्णव ने कहा, हमारा मानना है कि एक बार यह इकाई यहां आ जाए, तो डिस्प्ले पैनल संयंत्र भी भारत आ जाएगा।

# सोशल मीडिया फ्रेंड ने की छेड़छाड़, पति से कहकर शादी तुड़वाई

## उत्तर प्रदेश से मिलने तीन-चार बार भोपाल आ चुका आरोपी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

ऐशबाग पुलिस ने एमबीए की छात्रा की शिकायत पर उत्तर प्रदेश में रहने वाले उसके सोशल मीडिया फ्रेंड पर छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। छात्रा का आरोप है कि उत्तर प्रदेश से आरोपी उससे मिलने तीन-चार बार भोपाल पहुंचा था। फरवरी महीने में भी वह उससे मिलने आया और उससे छेड़छाड़ की। इस दौरान उसके मंगेतर का नंबर ले लिया। नंबर लेने के बाद उसने मंगेतर से कहकर शादी तुड़वा दी। पुलिस के अनुसार 23 साल की युवती मूलतः रीवा की रहने वाली है। वह पुल बोगदा के पास किराए से रहती है और निजी कॉलेज से एमबीए की पढ़ाई कर रही है। उसकी सोशल मीडिया पर सूरज पांडे नामक युवक से दोस्ती हुई थी। उसने बताया था कि वह उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में रहता है और प्राइवेट जॉब करता है। दोनों की सोशल मीडिया पर दोस्ती होने के बाद सूरज उससे तीन चार बार भोपाल मिलने भी पहुंचा। पीड़िता का कहना है कि फरवरी में वह भोपाल आया था और उससे अश्लील हरकत की और मोबाइल पर फोटो ले ली। इसके बाद मोबाइल से उसके मंगेतर का मोबाइल नंबर निकाल लिया। आरोपी ने मंगेतर को कॉल कर दोस्ती के बारे में बता दिया। 18 अप्रैल को उसकी शादी होनी थी। पीड़िता और आरोपी के संबंधों का पता चलने के बाद मंगेतर ने शादी तोड़ दी। पीड़िताा का कहना है कि शादी की तैयारी हो गई थी और कार्ड भी छप चुके थे।



## सूने मकानों से हजारों रु. कीमत का सामान चोरी

**भोपाल।** कोलार थानांतर्गत दानिश कुंज में रहने वाले ओम प्रकाश के सूने मकान का ताला तोड़कर चोर सोने-चांदी के जेवरात और 25 हजार रुपए नकदी समेत हजारों का सामान चोरी कर ले गए। इधर कटारा हिल्स थानांतर्गत स्वामी विवेकानंद परिसर स्थित राजेश जैन के सूने मकान से चोर पलंग, कुर्सी, टेबिल, वाशिंग मशीन समेत अन्य घरेलू सामान चोरी कर ले गए। चोरी की यह वारदात पिछले सात महीने के भीतर होना बताई गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद राजेश ने थाने पहुंचकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई।

### बस मालिक को बचने टीटी नगर पुलिस ने पूरा समय दिया, सामने आई टीआई की ढिलाई

# बेकाबू बस के सही ड्राइवर की गिरफ्तारी, फर्जी अनुबंध बनाने वाले नोटरी पर भी एफआईआर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित बाणगंगा चौराहा सिग्नल पर आधा दर्जन वाहनों को चपेट में लेने वाली बस के सही चालक विशाल बैरागी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। केस में आरोपी ड्राइवर को देरी से गिरफ्तार करने और सही मालिक का पता नहीं लगाने साथ ही फर्जी अनुबंध पत्र की पहचान नहीं करने की लापरवाही के चलते केस डायरी कमला नगर पुलिस थाने को सौंपी गई है। दरअसल, सुबह 11 बजे हुए एक्सीडेंट के बाद शाम 7 बजे तक टीटी नगर थाना प्रभारी सुधीर अरजिरया बस के सही मालिक का पता नहीं लगा सके थे। अनुभवी होने के बाद भी उन्होंने प्रकरण में ढिलाई बरती और आलाधिकारियों को थाने पहुंचकर खुद कार्रवाई करनी पड़ी। अनुभवी थाना प्रभारी फर्जी तरीके से बनाए गए एग्रीमेंट को समझ नहीं सके। अब उन पर गाज गिर सकती है।



### जांच में सुबह से हुई शाम

सुबह 11 बजे बस ने बाणगंगा चौराहा पर ट्रैफिक सिग्नल पर खड़ी कार समेत आधा दर्जन वाहनों को चपेट में लिया था। इसमें मुल्ला कॉलोनी करोंद निवासी 30 साल की आयशा खान की मौत हो गई। घटना का सीसीटीवी फुटेज वायरल हुआ। फुटेज में मौत बनकर आई बस साफ नजर आई। टीटी नगर पुलिस ने बस के बारे में जानकारी जुटाई तो पता चला कि बस आईपीएस स्कूल की है।

### प्रवेश नागर को बेचा

पुलिस सुबह 11 बजे हुए एक्सीडेंट में शाम 7 बजे तक बस के सही मालिक का पता नहीं लगा सकी थी। शाम को टीटी नगर एसीपी चंद्रशेखर पांडे पहुंचे। उस समय एग्रीमेंट चेक किया। एग्रीमेंट संदिग्ध लग रहा था। उन्होंने इसकी जानकारी आलाधिकारियों को दी। इसके बाद डीसीपी जोन वन प्रियंका शुक्ला थाने पहुंची और एग्रीमेंट देखा। एग्रीमेंट में क्रमवार लिखी शर्तें देख लग रहा था कि एग्रीमेंट पूरी तरह से फर्जी है।

### गुमराह करने लगा प्रवेश नागर

डीसीपी प्रियंका शुक्ला ने प्रवेश नागर से पूछताछ की तो वह कहने लगा कि बस बैरसिया से ड्राइवर अनिल परिहार कोकता लेकर जा रहा था। वह फिटनेस कराना था। उससे पूछा गया कि बैरसिया से कोकता जाने वाली बस बाणगंगा चौराहा कैसे पहुंची। बस ड्राइवर को किसने दी थी। इस पर वह कहने लगा कि बस की चाबी मां ने दी थी। उससे कहा गया कि मां को पूछताछ के लिए बुलाना पड़ेगा तो वह कहने लगा कि अब मैं सही बताउंगा। उसने बताया कि बस की चाबी उसने ही ड्राइवर विशाल बैरागी को दी थी। विशाल बस लेकर कोलार गया था। हादसे के एक दिन पहले उसने कोलार में बारात छो?ी और उसे लेकर वापस बैरसिया जा रहा था, तभी बाणगंगा चौराहा पर सिग्नल आने से पहले ढलान में बस के ब्रेक फेल हो गए और हादसा हो गया।

### एक्सीडेंट के बाद एग्रीमेंट बनाने की पुष्टि, मिले फुटेज

11 बजे हुए एक्सीडेंट के बाद दोपहर तीन बजे नंदा वेलफेयर सोसायटी (आईपीएस स्कूल) प्रबंधन और खरीदार बैरसिया निवासी प्रवेश नागर द्वारा नोटरी के पास पहुंचकर एग्रीमेंट तैयार किया गया था। एग्रीमेंट लिखा था कि बस नगदी में बेची गई है। बस का बीमा और फिटनेस दोनों ही खत्म है। यह भी लिखा था कि जब तक बीमा और फिटनेस नहीं किया जाएगा बस सड़क पर नहीं चलेगी।

# बेटे के साथ इलाज कराने जा रही मां बाइक से गिरी, इलाज के दौरान हुई मौत




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित तीन मोहरा गेट के पास चलती बाइक से गिरी महिला घायल हो गई। उनका हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। इधर, हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित रोटरी चौराहा पर अज्ञात वाहन ने मोपेड सवार बुजुर्ग को टक्कर मार दी। हादसे के बाद उन्हें हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। शाहजहांनाबाद पुलिस ने बताया कि मालती बत्रा पति महेश चंद्र बत्रा (56) सत्य ज्ञान नगर, छोला में रहती थी और गृहणी थी। उन्हें शरीर में खुजली की समस्या हुई और उनका बेटा पंकज उन्हें गत 6 मई की दोपहर हमीदिया अस्पताल इलाज कराने के लिए ले गया। मां बेटे तीन मोहरा गेट के पास पहुंचे ही थे कि बाइक पर पीछे बैठी मालती चलती बाइक से गिर गई। इस हादसे में उन्हें सिर में गंभीर चोट आई थी। बेटे ने उन्हें हमीदिया अस्पताल में भर्ती करा दिया। वहां इलाज के दौरान बुधवार सुबह उनकी मौत हो गई।

### मोपेड को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

एमपी नगर पुलिस ने बताया कि देवेन्द्र अहिरवार, ई श्री हबीबगंज में रहता है। मूलतः पिपरिया तहसील गौरहगंज थाना मण्डी दीप जिला रायसेन निवासी देवेंद्र पे बतसश्स कि वह सीआई महिंद्रा में ड्राइवर है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि 60 साल के उसके पिता धनसिंह अहिरवार प्राइवेट काम करते थे। गत 10 मई की सुबह वह काम पर जा रहे थे, तभी रोटरी चौराहा के पास उनकी मोपेड को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। उन्हें जय प्रकाश अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां हालत नाजुक देखते हुए हमीदिया अस्पताल में भर्ती करा दिया। वहां इलाज के दौरान बुधवार सुबह उनकी मौत हो गई।

## तलवार और छुरी के साथ पांच आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** अवैध हथियार लेकर चलने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार निशातपुरा पुलिस ने करोंद होटल के पास तलवार लेकर घूम रहे आरोपी सागर पटेल को गिरफ्तार किया है। इधर जहांगीराबाद पुलिस ने जिंसी के पास परवेज खान और सीआई कालोनी के पास छुरी लेकर घूम रहे आरोपी फैजान को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार अयोध्या नगर पुलिस ने परसुराम चौराहे के पास छुरी लेकर घूम रहे नितेश पंथी और प्रकाश मालवीय को पकड़ा है। सभी आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किए गए हैं।

# हमीदिया अस्पताल से नर्स की स्कूटर और दस्तावेज चोरी

### अलग-अलग स्थानों से 9 दोपहिया वाहन ले उड़े बदमाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

हमीदिया अस्पताल परिसर से दोपहिया वाहनों की चोरी की सिलसिला जारी है। नाईट ड्यूटी पर पहुंची एक नर्स की स्कूटर और उसमें रखे जरूरी दस्तावेज चोरी हो गए। इधर अलग-अलग स्थानों से बदमाश कुल 9 दोपहिया वाहन चोरी कर ले गए। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार भवानी धाम अयोध्या नगर में रहने वाली आकांक्षा प्रजापति (28) हमीदिया अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ हैं। पिछले दिनों रात करीब साढ़े आठ बजे वह ड्यूटी के लिए अस्पताल पहुंची थी। उन्होंने अपनी स्कूटर एक्सीस मैटरन आफिस के सामने पार्क की और ड्यूटी के लिए चली गई। अगले दिन सुबह करीब सवा आठ बजे वह पार्किंग में पहुंची तो उनकी स्कूटर गायब हो चुकी थी। स्कूटर की डिग्गी में स्कूली सर्टिफिकेट समेत अन्य जरूरी दस्तावेज भी रखे थे। आसपास तलाश करने के बाद भी जब स्कूटर का कुछ पता नहीं चला तो उन्होंने थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इधर जबरिया थानांतर्गत खुशीपुरा से दीपेंद्र सिंह, श्याम नगर मल्टी हबीबगंज से राजू बरकरे, अद्योगिक क्षेत्र अशोका गार्डन से जगदीश गुर्जर, बागसेवनिया स्थित अस्पताल के सामने से अजय यादव, हवामहल रोड कोतवाली से रितिक दांगी, त्रिवेणी हाईट्स पार्किंग निशातपुरा से असरफ खान और चूनाभट्टी थानांतर्गत कोलार कालोनी से रिंकू राठौर और स्वर्ण जयंती पार्क के सामने से चंदर बाल्मीकि की बाइक चोरी चली गई। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।



## जंगल की मिट्टी खोद रहे ग्रामीणों को वनकर्मी ने रोका तो किया हमला

**भोपाल.** सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र स्थित प्रेमपुरा गांव में 2 ग्रामीणों ने वन कर्मचारी के साथ मारपीट कर दी। बताया जा रहा है कि प्रेमपुरा गांव में 2 ग्रामीण घर बनाने के लिए जंगल की मिट्टी खोद रहे थे। जंगल में मिट्टी खोदने की जानकारी वहां के वन कर्मचारियों को मिली जिसके बाद वन कर्मचारी ग्रामीणों को रोकने के लिए गया तो दोनों ग्रामीणों ने उसके साथ मारपीट कर दी। इतना ही नहीं दोनों आरोपियों ने वनकर्मी पर फावड़े से भी हमला किया। पुलिस ने बताया है कि प्रेमसिंह वन विभाग में वन रक्षक है और फिलहाल सूखी सेवनिया के प्रेमपुरा गांव के जंगल में पदस्थ हैं। सोमवार शाम पांच बजे प्रेमपुरा गांव के रहने वाले पप्पू उर्फ करिया उसका एक साथी जंगल में घर बनाने के लिए मिट्टी खोद रहे थे। जब इसकी जानकारी प्रेमसिंह को मिली तो वो उन्हें रोकने गया जिसके बाद उन्होंने प्रेमसिंह पर हमला कर दिया। घटना के बाद वो थाने पहुंचे और उन्होंने पुलिस को शिकायत की। जिसके बाद पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा डालने की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# भूत के चक्कर में नवविवाहिता ने खा ली चूहामार, हो गई मौत

**भोपाल।** बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित छावनी पठार इलाके में एक नव विवाहिता ने चूहामार कर खा लिया। परिजन उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां बुधवार रात इलाज के दौरान उसकी मौत् हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार निधि मेहरा पति राजकुमार मेहरा (25) मूलतः गांव साचेत, सांची की रहने वाली थी। उसकी शादी दो साल पहले राजकुमार से शादी हुई थी। राजकुमार आनंद नगर में टेलर के पास काम करता है। गत 13 मई को वह काम पर आ गया था। घर में उसका भाई पिता और मां थी। राजकुमार के पिता का एक्सीडेंट हुआ है और मां उनके साथ घर पर थी। इस दौरान निधि उल्टियां करने लगी। निधि से उल्टियां करने का कारण पूछा तो उसने बताया कि सामने मंदिर से वह पूजा कर भबूत लेकर आई थी। भबूत उसने अलमारी में रख दी। अलमारी में चूहामार भी रखा हुआ था। भबूत समझकर उसने गलती से चूहामार खा लिया। यह सुनते ही परिजन उसे लेकर निजी अस्पताल पहुंचे, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## नाबालिग बहन से भाई ने किया दुष्कर्म, केस दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** शहर में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। एक भाई ने अपनी ही बहने के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने बताया है कि नाबालिग की तबीयत खराब होने के बाद उसके परिजन उसे अस्पताल लेकर गए थे, जहां डॉक्टर की जांच के बाद सामने आया कि नाबालिग गर्भवती है। इसके बाद अस्पताल ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जब बच्ची से बातचीत की तो उसने बताया कि भाई ने उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया लेकिन डर के कारण किसी को कुछ नहीं बताया। वहीं नाबालिग के पिता से पुलिस ने पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि आरोपी 1 महीने से गायब है।

**मेट्रो एंकर**

### कैंसर की बीमारी से थे परेशान, चल रही थी कीमोथैरेपी

# मंदिर के गेट पर बुजुर्ग ने फांसी लगाई

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित गांव ईटखेड़ी खजूरी में माता मंदिर के गेट पर 78 साल के बुजुर्ग ने फांसी लगा ली। उनकी लाश ग्रामीणों ने बुधवार सुबह फांसी के फंदे पर लटकी देख पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला। प्राथमिक पूछताछ में पता चला कि वे कैंसर की बीमारी से परेशान थे और उनकी कीमो थैरेपी चल रही थी। पुलिस के अनुसार 78 साल के कमल सिंह मीणा, गांव ईटखेड़ी खजूरी में माता मंदिर में रहते थे और मंदिर में पूजा पाठ और देखरेख करते थे। उनका परिवार गंजबासौदा में रहता है। कमल सिंह को कैंसर हो गया था। उनकी कीमो थैरेपी चल रही थी। गांव में रहने वाले इमरत सिंह मालवीय ने पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि बुधवार सुबह वह मंदिर गए थे। इस दौरान मंदिर के गेट पर उन्होंने कमल सिंह की लाश फांसी के फंदे पर लटकी देख। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी।



### सीढ़ियों से चढ़कर लगाई फांसी

पुलिस ने बताया कि गेट की ऊंचाई अधिक है। कमल सिंह ने सीढ़ियों से चढ़कर गेट पर फांसी का फंदा बनाया और सीढ़ियों पर चढ़कर फांसी के फंदे पर लटक गए। परिजन ने बताया कि उन्हें गंजबासौदा साथ चलने का पूर्व में कई बार कह चुके हैं, लेकिन वह मंदिर छोड़कर जाने को तैयार नहीं थे।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **संपादक राजेश सिरोठिया**
**कार्यकारी संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022